रोहतक
मंगलवार, 24 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 144
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 41.6
न्यून. 26.0

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,896.79 | 511.38 ▼ |
| निफ्टी | 24,971.90 | 140.50 ▼ |
| **धातु** | **कीमत** | **गिरावट** |
| सोना | 99,800/- | 160/- ▼ |
| चांदी | 1,05,200/- | --- |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 86.76 | 21 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 77.39/ बैरल | 0.49% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## खबर संक्षेप

### पाक एयरलाइन के लिए भारत का हवाई क्षेत्र 24 जुलाई तक बंद रहेगा

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी विमानन कंपनियों द्वारा संचालित उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद रखने की अवधि एक महीने के लिए बढ़ाकर 24 जुलाई तक कर दी है। भारतीय हवाई क्षेत्र 30 अप्रैल से पाकिस्तानी विमानन कंपनियों और ऑपरेटर द्वारा संचालित, या उनके स्वामित्व वाले या उनके द्वारा पट्टे पर लिए गए विमानों, जिनमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं, के लिए बंद है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने प्रतिबंध लगाया था। भाषा

### एकल मां के बच्चों के लिए ओबीसी प्रमाणपत्र के अनुरोध वाली याचिका अहम

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की एकल माताओं के बच्चों को ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने के लिए नियमों में संशोधन का अनुरोध करने वाली याचिका को अहम करार दिया। पीठ ने कहा कि मामले में विस्तृत सुनवाई की आवश्यकता है। मौजूदा रिट याचिका एकल मां के बच्चों को ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने के बारे में एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाती है, जिसमें मां ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) से संबंधित है। भाषा

### आंध प्रदेश के पूर्व सीएम जगन रेड्डी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ हिट एंड रन मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है। यह जानकारी गुंटूर जिले के एसपी एस सतीश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व सीएम की कार ने 5 दिन पहले रोड शो के दौरान 53 साल के व्यक्ति को कुचल दिया था। अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम चीली सिंघैया है। वह जगन की पार्टी के कार्यकर्ता थे। वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई हुई। एजेंसी

# दिल्ली में आज व हरियाणा में दो दिन बाद दस्तक दे सकता है मानसून, प्रदेश के कई जिलों में बारिश, 9 शहरों में येलो अलर्ट

### रेवाड़ी, नूंह, भिवानी और हांसी में झमाझम बारिश अभी पांच दिन और बरसात के आसार

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में सोमवार को प्री-मानसून बारिश लोगों को जमकर भिगोया। रेवाड़ी, भिवानी, हांसी, नूंह और भिवानी में झमाझम बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं जलभराव होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई जगह तो घरों में पानी घुस गया। दूसरी तरफ मौसम विभाग का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार और हरियाणा में 26 से 28 जून के बीच मानसून दस्तक दे सकता है। अगले 5 दिनों तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा।

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की कोठी में घुसा पानी
■
कई जिलों में तेज बारिश से जलभराव
■
रेवाड़ी में आधा घंटे तेज बारिश से मौसम सुहावना
■
सरकुलर रोड सहित सभी सड़कें जलमग्न, लोगों की बढ़ी परेशानी



**सड़कों पर भरा पानी**

*रेवाड़ी के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश होने के बाद मौसम खुशगवार हो गया, जिससे भारी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिल गई। करीब 30 मिनट हुई तेज बरसात से शहर में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। शहर के सरकुलर रोड सहित अन्य सड़कों पर पानी एकत्रित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगह गाड़ियां पानी में डूबी दिखाई दी।*

### क्या कहता है मौसम विभाग

चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ का कहना है कि अभी चार पांच दिन मौसम ऐसा ही बना रहेगा। दो दिन प्री-मानसून की बारिश होगी। इसके बाद 26 से 28 जून तक मानसून हरियाणा में प्रवेश करेगा और बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी। यह बारिश धान उत्पादक किसानों के लिए वरदान साबित होगी।

### इन जिलों में बारिश

सोमवार को प्रदेश के कई जिलों में बूंदाबांदी व बारिश हुई। इनमें पानीपत, हिसार, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, नारनौल, भिवानी, नूंह, गुरुग्राम, झज्जर और रेवाड़ी शामिल हैं। अधिकतर जिलों में बादल छाए हुए हैं, यहां भी बारिश की संभावना है। नूंह, गुरुग्राम, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, फरीदाबाद, पलवल, झज्जर, भिवानी और चरखी दादरी में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। भिवानी में तेज बारिश की वजह से कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी और राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की कोठी में पानी घुस गया। गलियों में भी कई फीट तक पानी जमा रहा।

### फसलों के लिए अनुकूल

यह बारिया फसलों के लिए अनुकूल है। कई जिलों में धान की रोपाई चल रही है, वहीं, किसानों ने जून के शुरू में ही बाजरे की बिजाई कर दी थी। बाजरा की फसल को पानी की ज्यादा आवश्यकता होती है। किसान नलकूपों की सिंचाई से फसल बचाने में लगे हुए थे। बरसात से बाजरा और कपास दोनों फसलों को फायदा मिला है। बरसात के बाद बिजली की खपत में भी कमी आने का अनुमान है। इससे लोगों को पावर कटों से भी राहत मिलेगी।

खामेनेई ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा-हमारी खुलकर मदद करें, विदेश मंत्री अराघची मास्को पहुंचे, ईरानी जनरल ने अमेरिका को दी चेतावनी | रूस ने कहा-हम ईरान की सहायता के लिए तैयार, वे जैसा अनुरोध करेंगे हम वैसी ही मदद करेंगे, ट्रंप ईरान में सत्ता पलटना चाह रहे

**ट्रंप का दावा**
ईरान के परमाणु केंद्रों को भारी क्षति पहुंचाई

# ईरान ने कतर में यूएस के सबसे बड़े एयरबेस पर मिसाइलें दागीं

## इजराइल ने फिर किया ईरान के सैन्य व परमाणु ठिकानों पर हमला, दावा-सैकड़ों सैनिक मारे

**दुबई (भाषा)।** ईरान ने अपने परमाणु ठिकानों पर हमलों का बदला लेने के लिए कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस पर मिसाइलें दागी हैं। इससे कुछ देर पहले ही कतर ने अपना एयरस्पेस बंद किया था। कतर में अल-उदीद एयरबेस मिडिल ईस्ट में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है। यहां करीब 8,000 से 10,000 के बीच अमेरिकी सैनिकों का ठिकाना है। ईरान ने इराक में अमेरिकी ठिकानों पर भी मिसाइलें दागी हैं। वहीं मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने इराक, बहरीन और सीरिया में भी अमेरिकी एयर बेस पर हमला किया है।

### ईरान की यूएस को चेतावनी

इजराइल ने सोमवार को ईरान पर हमला बोला और उसके परमाणु और तेहरान में सेना की यूनिट इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जुड़े ठिकानों पर हमले किए। इजराइल ने इन हमलों में सैकड़ों सैनिकों के मारे जाने का दावा किया है। दूसरी तरफ, ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि हमें अमेरिकी ठिकानों पर हमला करने की 'खुली छूट' मिल गई है।

### रूस ने दिया मदद का भरोसा

ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मदद मांगी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची मॉस्को में पुतिन से मिलने गए हैं। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि ईरान जैसी मदद मांगेगा हम उसे वैसी ही मदद देने के लिए तैयार हैं। 'सब कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि ईरान को क्या चाहिए। हमने मध्यस्थता के अपने प्रयासों की पेशकश की है।

*भारत ने मिडिल इस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अपनी उड़ानें रोक दी हैं। एयर इंडिया ने कहा कि वहां खतरा है, हम दूसरे रास्ते से उड़ानें भेजेंगे।*

- **कतर में अमेरिका के अल-उदीद एयर मिलिट्री बेस व दोहा में धमाके, लोगों में दहशत कतर ने कहा, कोई क्षति नहीं हमने मिसाइलें मार गिराईं**
- **मिडिल ईस्ट में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा, यहां 8,000 से 10,000 के बीच सैनिकों का ठिकाना**
- **इराक, बहरीन और सीरिया में भी अमेरिकी बेस पर हमला**




### कतर की चेतावनी, हम जवाबी हमला करेंगे

ईरान के हमले के जवाब में कतर के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने सभी हमलों को रोक दिया। यहां कोई हताहत नहीं हुआ है। इसके साथ ही कतर ने ईरान को जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बता दें कि कतर ने हमले से कुछ देर पहले ही अपना एयरस्पेस बंद कर दिया था। एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर 10 मिसाइलें दागीं।

### चीन की खुली पोल

चीन ने चुपके से ईरान की मदद की है। इसकी पोल खुल चुकी है। जनवरी 2025 में चीन ने ईरान को 1000 टन सोडियम परक्लोरेट भेजा, जिससे 260 खैबर शेकन या 200 हाज कासेम मिसाइलें बन सकती हैं। यह शिपमेंट एमवी गोल्बन और जयरान जहाजों से बंदर अब्बास पहुंचा। इससे ईरान की मिसाइल ताकत बढ़ेगी, जिससे तनाव बढ़ सकता है।

### ईरान ने भी मिसाइलों की बौछार की

इजराइली सेना ने कहा कि ईरान से इजराइल की ओर मिसाइलों की बौछार की गई। ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। जॉर्डन और मध्य इजराइल में सायरन बजाए गए। इस बीच, सशस्त्र बलों के कर्मचारियों के संयुक्त प्रमुख, ईरानी जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने अमेरिका को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी सशस्त्र बलों को 'अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने' की 'खुली छूट' दे दी है।

**ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया :** ईरान ने मोसाद के जासूस होने के आरोप में एक और व्यक्ति को फांसी पर लटका दिया। इससे लोगों में खौफ बढ़ गया है।

### चार राज्यों की 5 विस सीटों पर उपचुनाव

## 'आप' ने पंजाब, गुजरात में 2 सीट बरकरार रखीं

**नई दिल्ली (भाषा)।** चार राज्यों में हुए 5 विधानसभा सीटों उपचुनावों में सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के गोपाल इटालिया ने गुजरात की विसावदर सीट पर जीत दर्ज की, वहीं उनकी पार्टी ने पंजाब में लुधियाना पश्चिम सीट भी बरकरार रखी, जबकि केरल में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से नीलांबुर सीट छीन ली। वहीं, गुजरात में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कडी सीट बरकरार रखी, जबकि तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिले की कालीगंज विधानसभा सीट पर फिर से जीत दर्ज की। इन पांचों निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव के तहत 19 जून को मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 'आप' की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया। राज्य में अपना लगभग पूर्ण प्रभुत्व रखने के बावजूद, भाजपा 2007 से विसावदर सीट नहीं जीत पाई है। 'आप' के तत्कालीन विधायक भूपेंद्र भयानी के इस्तीफा देने और सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल होने के बाद दिसंबर 2023 में यह सीट खाली हो गई थी।

केरल में यूडीएफ ने वाम मोर्चा से नीलांबुर सीट छीनी
**बंगाल की कालीगंज सीट पर तृणमूल ने बाजी मारी**
गुजरात की कडी सीट से भाजपा विजयी

**मां ने लगाया गैंगरेप का आरोप, दो गिरफ्तार**

# फतेहाबाद में दुष्कर्म पीड़िता ने गटका जहर, गर्भ में बच्चे व छात्रा की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना क्षेत्र में एक नाबालिग रेप पीड़िता 11वीं की छात्रा ने जहर गटक लिया। जब उसे उल्टियां करने लगी तो परिजन उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। जांच में पता चला की छात्रा गर्भवती थी, जहर से गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। पीड़ित छात्रा की मां ने बेटी के साथ गैंगरेप का आरोप लगाते हुए आरोपितों की गिरफ्तार नहीं होने तक शव का पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया। वहीं, पुलिस ने एक महिला और उसके भतीजे सहित दो के खिलाफ पॉस्को सहित कई धाराओं में केस दर्ज कर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया।

### पड़ोसी महिला के भतीजे पर रेप के आरोप

बताया जा रहा है कि पीड़ित के पड़ोस में रहने वाली महिला के भतीजे ने उसके साथ रेप किया। इससे परेशान किशोरी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उसे टोहाना के सिविल अस्पताल ले गए। जहां से उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां पीड़ित ने दम तोड़ दिया। मृतका की मां ने बताया कि वह 18 जून से उल्टियां कर रही थी। पूछने पर बेटी ने मां को बताया कि कई महीनों से पड़ोस की महिला अपने भतीजे से गलत काम करवा रही थी।

### दो आरोपित पकड़े

एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि किशोरी से गैंगरेप और सुसाइड के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच में जो भी नाम आगे आएंगे, सभी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**पीड़िता की मां ने यह दी शिकायत :** नाबालिग की मां व मामा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि पड़ोसन ने सितंबर में उसकी बेटी को बुलाया और उसको कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवाई पिलाकर 4 लडक़ों के साथ कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद रेप करते हुए वीडियो बना ली। तब से उनकी बेटी को महिला ब्लैकमेल करती रही। बेटी के पेट में तीन महीने का भ्रूण था। आरोपित जाखल के गांव ढेर का रहने वाला है। वह अक्सर अपनी बुआ के घर आया करता था। दुष्कर्म में महिला के चार अन्य लडक़े शामिल हैं। परिवार ने पुलिस पर भी आरोपितों को बचाने का आरोप लगाया है। महिला पुलिस जांच अधिकारी एसआई शिक्षा ने मृतका की मां के बयान पर महिला सहित दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## एयर इंडिया की दो और इंडिगो की एक फ्लाइट रद्द

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/जयपुर/इंदौर

एयर इंडिया की दो और इंडिगो की एक फ्लाइट सोमवार को रद्द हो गई। उड़ानें तकनीकी खामी आने और अन्य वजहों से इन्हें रद्द किया गया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले कॉकपिट में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद रनवे एरिया से पायलट ने फ्लाइट को फिर से एप्रन में पहुंचाया। इसमें 130 पैसेंजर्स सवार थे। 5 घंटे तक फ्लाइट को ठीक करने की कोशिश की गई। फिर भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद दुबई की इस फ्लाइट को रद्द करने का फैसला लिया गया। इसके बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली-जम्मू-श्रीनगर फ्लाइट जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड किए बिना दिल्ली लौट गई। वहीं, सोमवार को इंदौर से भुवनेश्वर जा रही इंडिगो की फ्लाइट तकनीकी खराबी के चलते रनवे के बीच से लौट आई।






**रोजगार** सीएम सैनी ने नवनियुक्त कुलपतियों के साथ बैठक में किया ऐलान

*विवि को उद्योग भागीदारों के सहयोग से 10% कार्यक्रम चलाने को कहा*

# प्रदेश के हर जिले में मॉडल कौशल महाविद्यालय व विद्यालय खोलेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों से युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से कौशल विकास कार्यक्रमों पर जोर देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को शिक्षा और रोजगार के बीच के अंतर को कम करने के लिए उद्योगों के साथ मिलकर काम करना चाहिए। प्रत्येक विश्वविद्यालय को अपने 10 प्रतिशत कार्यक्रम औद्योगिक भागीदारों के सहयोग से चलाने चाहिए। सीएम ने कहा कि सरकार हर जिले में एक मॉडल कौशल महाविद्यालय और एक मॉडल कौशल विद्यालय खोलेगी। इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। मुख्यमंत्री अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की व उक्त ऐलान किए।

### संस्थागत रेटिंग बढ़ाएं



सैनी ने कुलपतियों से हरियाणा को वैश्विक स्तर पर ऊंचा उठाने के लिए संस्थागत रैंकिंग बढ़ाने का आह्वान करते हुए रिसर्च आउटपुट, रोजगार के अवसरों, संस्थागत रैंकिंग और शिक्षा की समग्र गुणवत्ता में सुधार की दिशा में प्रयास तेज करने का आग्रह किया। नैतिक नेतृत्व के महत्व पर जोर देते हुए इस बात पर बल दिया गया कि ईमानदारी, निष्पक्षता और गैर-भेदभावपूर्ण दृष्टिकोण के साथ काम करना जरूरी है।

### 20 करोड़ आवंटित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष (एचएसआरएफ) की स्थापना की गई है। इसमें 20 करोड़ रुपये के शुरुआती आवंटन के साथ, एचएसआरएफ अपनी तरह का पहला कोष है जो नवीन अनुसंधान प्रयासों को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विश्वविद्यालय इस निधि का अधिकतम प्रयोग गांवों की सामाजिक समस्याओं और चुनौतियों से निपटने संबंधी रिसर्च कार्यों पर करें।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट व्हीकल में ट्रैकिंग डिवाइस लगेगा

मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा के लिए सार्वजनिक परिवहन वाहनों में वाहन स्थान ट्रैकिंग डिवाइस लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सीएम ने सड़क सुरक्षा को लेकर वैज्ञानिक अध्ययन कर दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान की भी अधिकारियों को हिदायत दी। सीएम सैनी ने ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट की रिव्यू मीटिंग में कहा, हरियाणा सरकार ने राज्य में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में खास कदम उठाया है। इसके अलावा सीएम ने मीटिंग में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिक्योरिटी सिस्टम को आपातकालीन प्रणाली 112 सेवा के साथ जोड़ने की भी हिदायत दी।

### वाहनों की फिटनेस की निगरानी होगी

रिव्यू मीटिंग में मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से स्कूली वाहनों की फिटनेस की भी निगरानी के निर्देश दिए। सभी स्कूल बसों की नियमित जांच किए जाने और उनकी तकनीकी स्थिति पर ध्यान रखने के सख्ती से काम करने की सीएम ने अधिकारियों को हिदायत दी। (पेज 3 भी देखें)

## नेता और सामाजिक संगठनों के हजारों लोग पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे

# सीएम नायब सैनी ने सिंधु भवन में त्रिवेणी लगाकर माता परमेश्वरी को श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु की पूज्य माता परमेश्वरी देवी जी के निधन पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार सेक्टर-14 स्थित सिंधु भवन पहुंचकर दुख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने शोक-संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने परमेश्वरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि माता परमेश्वरी देवी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं और उन्होंने हमेशा समाज व गरीब कल्याण के लिए कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश देकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का काम किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के निवास स्थान पर त्रिवेणी का पौधरोपण किया। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी और सरकार के कई मंत्री भी श्रद्धांजलि देने पहुंचे।

### ये भी शोक जताने पहुंचे

पूर्व मंत्री डॉ. सत्यपाल, संत हूजूर कुंवर साहेब महाराज, नलवा के विधायक रणधीर पनिहार, जेजेपी नेता अजय चौटाला, पूर्व मंत्री संजय सिंह, विधायक थानेसर अशोक अरोड़ा, विधायक उकलाना नरेश सेलवाल, पूर्व विधायक दूड़ाराम, पूर्व विधायक सीताराम यादव, बलवान दौलतपुरिया पूर्व विधायक, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, बख्शी सिंह विर्क पूर्व सीपीएस, पूर्व चेयरमैन डॉ. अरविंद यादव, पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश चहल, भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई की धर्मपत्नी रेणुका बिश्नोई, स्वामी राघव देव महाराज, स्वामी राघवेंद्र महाराज, स्वामी शरणानंद महाराज, जिला परिषद हिसार चेयरमैन सोनू सिहाग, महाराज दर्शन गिरी, कैप्टन योगेश बैरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष गुरुग्राम सर्व प्रिय त्यागी , विकास वाल्मीकि जिला झज्जर, वंदना पोपली रेवाड़ी,कमल यादव गुरुग्राम पूर्व जिलाध्यक्ष, शंकर धूपड़, महेश चौहान जिला प्रभारी दादरी, नारनौंद के विधायक जस्सी पेटवाड़, पूर्व सांसद रमेश कौशिक, पूर्व विधायक लीलाराम गुर्जर, इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रचार गजेंद्र फोगाट आदि भी शोक जताने के लिए पहुंचे।



रोहतक। माता परमेश्वरी देवी की याद में त्रिवेणी लगाते सीएम नायब सिंह सैनी और सिंधु परिवार।

**राजस्व मंत्री विपुल गोयल**



### माता जी हम सबके लिए प्रेरक

*राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि उनका व्यक्तित्व विनम्रता और त्याग का अनूठा संगम था। समाज-सेवा में उन्होंने जो मिसाल कायम की, वह हम सबके लिए प्रेरक है। परिवार को इस दुख की घड़ी में ईश्वर धैर्य प्रदान करें।*

**कुलदीप बिश्नोई**



### सिद्धांतों का जीवन रहा

*भाजपा के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी का जीवन मूल्यों और सिद्धांतों का जीवन रहा। उनका अपना जीवन जन हित और समाज कल्याण के कार्यों में लगाया।*

### माता जी की स्मृति को नमन



खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि मां का साया छिन जाना सबसे बड़ा दुख है। हम सब उनकी स्मृति को नमन करते हैं।

**केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर**



### संयम को जीवन में चरितार्थ किया

*केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि परमेश्वरी माता जी ने सेवा, सहिष्णुता और संयम के मूल्यों को अपने जीवन में चरितार्थ किया। उनका आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे, यही प्रार्थना है। ईश्वर उन्हें अपनी शरण में स्थान दें।*

**मोहन लाल बडौली**



### संस्कारी मातृरूप को खो दिया

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने कहा कि भाजपा परिवार ने एक श्रद्धालु, संस्कारी मातृरूप को खो दिया है। उनका समर्पित जीवन हम सबके लिए प्रेरणा-स्त्रोत है।*

**सांसद धर्मवीर सिंह**



### त्याग, तपस्या से भरा रहा जीवन

*भाजपा सांसद चौधरी धर्म सिंह ने कहा कि माता परमेश्वरी देवी का जीवन त्याग, तपस्या से भरा रहा। उन्होंने हमेशा समाज के उत्थान के लिए काम किया। उनके जीवन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।*

*क्षेत्रीय निदेशक ने दी जानकारी*

## इग्नू में दाखिला लेने के लिए यूजीसी डीईबी आईडी अनिवार्य

**चंडीगढ़।** क्षेत्रीय निदेशक डॉ धर्म पाल ने बताया की इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय , शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में जुलाई 2025 सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। इग्नू का उद्देश्य विद्यार्थियों का ज्ञान वर्धन करके उनके लिए उत्थान के समान अवसर उपलब्ध करवाना है I इग्नू रिमोट एरिया, गांव देहात के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है I यूजीसी-डीईबी ने सभी ओपन और डिस्टेंस लर्निंग (ओडीएल) और ऑनलाइन (ओएल) कार्यक्रमों के लिए एक नई प्रवेश प्रक्रिया शुरू की है। यूजीसी-डीईबी सार्वजनिक सूचना के अनुसार, अब प्रत्येक शिक्षार्थी के लिए किसी भी ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग या ऑनलाइन (ओएल) पाठ्यक्रम में नामांकन से पहले अपनी एबीसी आईडी का उपयोग करके एक डीईबी-आईडी बनाना अनिवार्य है।


**उत्तर रेलवे**

टेंडर नोटिस संख्या:- 61255697

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति के ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:–

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 61255697 | हाई टेंसाइल ए.ए.आर. एच–टाइप टाइट लॉक कप्लर | 100 सेट्स | 14 जुलाई 2025 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 1876/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**

(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)

एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**प्रवेश सूचना** (विज्ञा. सं. पीआर-07 ऑफ 2025)

शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु 4–वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी), माध्यमिक स्तर (बी.ए. बी.एड. और बी.कॉम. बी.एड.) के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन जमा हेतु पोर्टल का खुलना : 20.06.2025

आवेदन जमा हेतु अन्तिम तिथि : 05.07.2025

पात्रता शर्तों, सीटों की संख्या, शुल्क और अन्य विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट अर्थात www.mdu.ac.in पर उपलब्ध सत्र 2025–26 हेतु 4–वर्षीय अंडर-ग्रेजुएट प्रोग्राम्स, 5–वर्षीय एकीकृत, 5–वर्षीय एलएल.बी. प्रोग्राम और 4–वर्षीय एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के लिए प्रवेश की विवरणिका ध्यानपूर्वक पढ़ें।

अद्यतन/परिवर्तन, यदि कोई हो, विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अधिसूचित किये जाएंगे।

**टिप्पणी : मेरिट लिस्ट एनटीए द्वारा जारी एनसीईटी के स्कोर कार्ड के आधार पर तैयार की जाएगी।**

संवाद-1235/11/159/2026/35878/सी/88/6 दि. 23.06.25 रजिस्ट्रार



**भौतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance | पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई–400051

**कार्पोरेट कार्यालय :** आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जेबी नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई 400059

**शाखा कार्यालय :** सिटी स्क्वेयर, प्रथम तल, प्लॉट नं. 932/935, आईबी कॉलेज के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत–132103

चूंकि

अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण, पुनर्निर्माण के तहत आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित कर्जदारों को सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर करने के लिए डिमांड नोटिस जारी किए।

चूंकि कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहा है, कर्जदार और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये नीचे वर्णित तिथियों को यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की वसूली के अधीन होगी।

कर्जदार का ध्यान प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के सम्बन्ध में अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम/ ऋण अकाउंट नम्बर | सम्पत्ति का वर्णन / कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मोनू (कर्जदार), अशोक कुमार (सह–कर्जदार) जयसिंह (सह–कर्जदार) LHPNP00001453784. | मकान नं. 952 सेक्टर–11–12 हुडा पार्ट–2, पानीपत 132103 एनए पानीपत हरियाणा–132103 (संदर्भ एलएएन नं. LHPNP00001453784) सीमाएं : उत्तर : अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण : रोड 12 मी., पूर्व : मकान नं. 951, पश्चिम : मकान नं. 953. / कब्जे की तिथि 20.06.2025 | 12-10-2023 रु. 1,19,28,942/- | पानीपत |
| 2. | मोनू (कर्जदार), अशोक कुमार (सह–कर्जदार) जयसिंह (सह–कर्जदार) LHPNP00001453790. | मकान नं. 952 सेक्टर–11–12 हुडा पार्ट–2, पानीपत 132103 एनए पानीपत हरियाणा–132103 (संदर्भ एलएएन नं. LHPNP00001453790) सीमाएं : उत्तर : अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण : रोड 12 मी., पूर्व : मकान नं. 951, पश्चिम : मकान नं. 953. / कब्जे की तिथि 20.06.2025 | 12-10-2023 रु. 1,29,624.3/- | पानीपत |

उपरोक्त कर्जदार(ों) / गारंटर(ों) को एतद द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए 30 दिन का एक नोटिस दिया जाता है, अन्यथा गिरवीकृत सम्पत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की समाप्ति पर प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुरूप बेच दिया जाएगा।

दिनांक : 24 जून 2025, स्थान : पानीपत

प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड


# बिजली रेट बढ़ने से ज्यादा आ रहे बिल जनता परेशान, विपक्ष ने बनाया मुद्दा

**सांसद दीपेन्द्र हुड्डा**

### बिजली की बढ़ी दरों को तुरंत वापस ले सरकार



**चंडीगढ़।** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने बिजली की बढ़ी हुई दरों को तुरंत वापस लिए जाने की मांग करते हुए कहा कि महंगी बिजली दरों ने उपभोक्ताओं की कमर तोड़ रखी है, ऐसे में बिजली के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी कर दिया जाना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने 11 वर्षों में जब बिजली का कोई नया प्लांट लगाया नहीं तो बिजली की दरें क्यों बढ़ा रही है? कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 4 थर्मल पॉवर प्लांट और एक परमाणु संयंत्र लगवाकर पावर सरप्लस राज्य बनाया फिर भी कभी बिजली के दाम नहीं बढ़ाए।

**अभय सिंह चौटाला**

### बिजली के रेट बढ़ाना जले पर नमक छिड़कना



**चंडीगढ़।** इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला ने बीजेपी कहा कि जो सरकार प्रदेश की जनता को बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं दे सकती उन्हें सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। बीजेपी हर मुद्दे पर फेल साबित हुई है और बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार में नंबर एक पर आ गई है। बीजेपी सरकार ने प्रदेश के लोगों से मुफ्त बिजली देने का वादा किया और भोली भाली जनता के वोट लेकर सत्ता हासिल की। अब जब लोग महंगाई से त्रस्त हैं तब बिजली के रेट चार गुना बढ़ाकर जले पर नमक छिड़कने का काम किया है।

**सांसद कुमारी सैलजा**

### ऐसे तो प्रदेश के उद्योग पलायन कर जाएंगे



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि एक अप्रैल 2025 से लागू की नई बिजली दरें और फिक्स्ड चार्ज प्रदेश की जनता, विशेषकर छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए विनाशकारी सिद्ध होंगी। प्रदेश के उद्योग पलायन क जाएंगे। यह नीतियां न केवल जनविरोधी हैं, बल्कि आर्थिक रूप से कमर तोड़ने वाली भी हैं। ऐसे में सरकार को अपना यह फैसला जनहित में तत्काल प्रभाव से वापस लेना चाहिए। सांसद सैलजा ने कहा है कि हरियाणा में बिजली हुई चार गुना महंगी हो गई है यानि जो पहले 1000 का बिल आता था अब वह चार हजार तक आएगा।

**प्रदेश का 27 एचसीएस अफसरों को आईएएस बनाए जाने का मामला**

# सरकार ने यूपीएससी को लिखा पत्र, डीपीसी की तारीख तय की जाए, अफसरों को फिर उम्मीद

योगेंद्र शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

हरियाणा के (एचसीएस) अफसरों को पदोन्नत कर आईएएस अफसर बनाए जाने को लेकर राज्य सरकार की ओर से यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) को पत्र भेजा है। जिसमें डीपीसी की बैठक बुलाए जाने के लिए लिखा गया है। लंबे समय से आईएएस अफसर बनाए जाने का इंतजार कर रहे सूबे के 27 एचसीएस अफसरों का इंतजार हर बार लंबा होता जा रहा है।कई बार इस बारे में प्रक्रिया की शुरुआत हुई लेकिन हर बार कोई ना कोई बाधा खड़ी हो गई। बता दें कि हरियाणा से 2002 व 2003, 2004 बैच के अफसरों को पदोन्नति देकर आईएएस बनाए जाने का मामला लंबित चल रहा है। दरअसल, कानूनी पचड़ा 2002 के बैच को लेकर है। राज्य सरकार की ओर से सॉलिसिटर की राय के साथ साथ में अपनी राय भी दी है। जिसमें बताया गया है कि चार्जशीट को लेकर अगली सुनवाई तक स्थगित की है, अब यह यूपीएससी को तय करना है कि बैठक 2002 बैच को छोड़कर बुलानी है, या फिर सभी के लिए। वैसे भी राज्य सरकार की ओर से पदोन्नति के लिए प्रस्ताव भेजा हुआ है, लेकिन संघ लोकसेवा आयोग की ओर से सॉलिसिटर जनरल की राय ली गई, तो मामले में यूपीएससी की ओर से इनकार कर दिया था, साथ ही केस को वापस भेज दिया और दोबारा से इसको एग्जामिन कर दोबारा से संशोधित कागजात भेजे जाएं।

### 2002 बैच के कुछ अफसरों को लेकर पंगा

*दरअसल, 2002 बैच के कुछ अफसरों को लेकर पंगा है। दरअसल, एंटी करप्शन ब्यूरो हरियाणा की ओर से इस बैच के कुछ अधिकारियों को छोड़कर बाकी के विरुद्ध अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। बहरहाल, कानूनी पचड़े के कारण मामले में देरी हो रही है। अब गेंद यूपीएससी के पाले में फिर से एक बार चली गई है, अब देखना यह होगा कि आरोप पत्र वाले अफसरों को छोड़कर बाकी को पदोन्नति के लिए हरि झंडी होती है, या फिर आरोपितों को भी पदोन्नति का रास्ता खुलता है।*

### मांग के अनुरूप दस्तावेज दोबारा भेजे गए

*एचीसीएस अफसरों की पदोन्नति कर आईएएस बनाने संबंधी मामले और आरोपपत्र को लेकर संघ लोक सेवा आयोग की ओर से जिस तरह से दस्तावेज मांगे गए थे, उसी हिसाब से एक बार फिर भेजे गए हैं, साथ ही इनकी पदोन्नति को लेकर किसी भी तरह की दिक्कत होने से इनकार किया है। अब एक बार फिर से इंतजार करने वाले एचसीएस अफसरों को पदोन्नति मिल जाने की उम्मीद है।*


**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में गन्नौर निर्वाचन क्षेत्र में सोनीपत पुरखास मोई रोड से चटिया देवा वाया माहरा सितावली रहमाना रोड आरडी 0 से 10150 मी. तक रोड के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, रोड आईडी 6084 (क्र. सं. 08 पर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत)। | 19.06.2025 30.06.2025 | 445.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत में बाल कल्याण हेतु जिला परिषद में मरम्मत ओर पेंट कार्य के लिए विशेष मरम्मत। | 19.06.2025 26.06.2025 | 3.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | एससीएसपी स्कीम के तहत सोनीपत जिले में राई निर्वाचन क्षेत्र में सोनीपत खरखौदा रोड से भोआनापुर वाया हरसाना खुर्द / कलां रोड तक विभिन्न स्ट्रेच में सीसीबी पुनः बिछाना (आईडी 6007)। | 19.06.2025 26.06.2025 | 30.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | ज्यूडिशियल कोर्ट्स कॉम्पलैक्स, भिवानी में स्थापित एयर कंडीशनर्स (97 अदद) को बदलना। | 20.06.2025 26.06.2025 | 68.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में एचएसएएमबी से लोनिवि भ व प को हस्तांतरित किए गए आरडी 0.00 से 2.017 मिमी (आईडी 12117) तक मिस्सा से चांधूट बारोली रोड पर चौड़ा करने / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (सी.एम. घोषणा कोड से 27428 दि. 12.04.2023 के तहत और कार्य कार्यक्रम 2023-24 के तहत) (जीएसटी के बिना) + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 3540.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यू ज्यूडिशियल कॉम्प्लैक्स (टावर ऑफ जस्टिस) में मुख्य भवन के फायर डोर्स की स्थापना और मल्टी लेवल बेसमेंट पार्किंग में अग्निशमन प्रणाली। | बंद होने की तिथि 04.07.2025 | 608.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में गांव चकरपुर में राजकीय पशु चिकित्सालय का निर्माण। | बंद होने की तिथि 28.06.2025 | 33.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गांव बडोपट्टी में नये राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भवन का निर्माण (एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 20.06.2025 27.06.2025 | 3.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में एसडीसीएच, डबवाली के पुराने भवन में ई.आई. की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 20.06.2025 04.07.2025 | 66.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 10 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत (हैड-5054-ग्रुप-1 के तहत) (जीएसटी के बिना) प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 5 अदद रोड को चौड़ा करना / मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत, रसुलपुर जटोली से कानपुर (आईडी 3492) आरडी 0 से 0.41 कि.मी. पर सीसीबी पुनः बिछाना, रसुलपुर जटोली रोड से नौरंगाबाद (आईडी 3496) आरडी 0 से 0.50 कि.मी. पर सीसीबी, घसेरा से नाखारोला (आईडी 10722) आईडी 1.20 से 1.70 किमी. पर 80 मिमी आईपीबी और सीसीपी, रसुलपुर जटोली से मीरपुर कोराली (आईडी 3493) आरडी 0 से 1.42 कि.मी. और कुशाक से जटोली रोड (आईडी 3494) आरडी 0 से 4.30 कि.मी. पर 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी पुनः बिछाना। | बंद होने की तिथि 30.06.2025 | 438.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 11 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में (रोड आईडी 5311 और 5312) कि.मी. 0.00 से 8.73 में रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान, डीएचएस रोड से सीसर, खरबला भिवानी जीन्द रोड तक रोड का सुधार (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) (जीएसटी के बिना) + 5 कार्य। | 17.06.2025 26.06.2025 | 2271.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01663-259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | बनी डिस्टी. ओ/एल आरडी 86505-एल पर सर्विस रोड पर डब्ल्यू/सी के कल्वर्ट की मरम्मत और बनी डिस्टी. के रीच आरडी 86500 से आरडी 90760 के बीच क्षतिग्रस्त लाइनिंग पैच की मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 26.06.2025 | 1.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 13 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य स्कीमों के तहत मशीनरी एवं उपकरण (04 एम एंड ई) मदों) की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य स्कीमों के तहत मशीनरी एवं उपकरण (07 एम एंड ई) मदों) की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य स्कीमों के तहत मशीनरी एवं उपकरण (06 एम एंड ई) मदों) की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 16 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | राज्य स्कीमों के तहत मशीनरी एवं उपकरण (23 एम एंड ई) मदों) की खरीद। | 21.06.2025 23.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 17 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | 1. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (3सीएस क्षमता), 2. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (5सीएस क्षमता), 3. डीजल इंजन पम्पिंग सैट्स (2सीएस क्षमता), 4. 3सीएस ईपी सैट हेतु स्टार्टर (20 एचपी)। | 24.06.2025 09.07.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 18 | महिला एवं बाल विकास पंचकूला | वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जीओआई द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पर सेडान वाहनों को किराये पर लेना। | 24.06.2025 14.07.2025 | 13.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812343208 dpopkl.wcd@gmail.com |
| 19 | सिविल सर्जन अम्बाला | अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष और जो अगली निविदाओं के अन्तिमकरण तक बढ़ाई जा सकती है, हेतु अम्बाला जिले में स्थित हरियाणा राजकीय स्वास्थ्य संस्थानों के लिए लैब रीजेंट्स और सामग्री की खरीद के लिए ई-निविदा। | 25.06.2025 15.07.2025 | ईएमडी 50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1712557473 dhs.csamb@hry.nic.in |
| 20 | वन विभाग, चरखी दादरी | वानिकी कार्य बाढड़ा ब्लॉक + 2 अन्य कार्य। | 20.06.2025 27.06.2025 | 11.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9968163096 dfodadri@yahoo.com |
| 21 | पंचायती राज कुरूक्षेत्र | बुस्थाला 55.48 - ईस्माईलाबाद, कुरूक्षेत्र में उप स्वास्थ्य केन्द्र (एसएचसी) का निर्माण + 3 कार्य। | 21.06.2025 08.07.2025 | 142.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 22 | पंचायती राज झज्जर | 8.50 - गांव बामनोली ब्लॉक बहादुरगढ़ में राजेन्द्र के प्लॉट से अतुल के मकान तक गली का निर्माण। | 19.06.2025 26.06.2025 | 7.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज सोनीपत | बरोदा मोर गांव ब्लॉक मुंडलाना में कुश्ती हॉल 60×40 का निर्माण + 1 कार्य। | 20.06.2025 26.06.2025 | 68.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज सोनीपत | गांव सिलाना में हरि के मकान से दादा समध तक फिरनी से आईपीबी गली का निर्माण। | 20.06.2025 26.06.2025 | 24.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज रोहतक | विभिन्न चौपालों में आरओ सहित 6 वाटर कूलर का प्रावधान व फिक्सिंग + 2 कार्य। | 18.06.2025 26.06.2025 | 10.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 921555586 sdoprrohtak134@gmail.com |
| 26 | पंचायती राज झज्जर | गांव टांडाहेड़ी, ब्लॉक बहादुरगढ़, जिला झज्जर में एसएचसी का निर्माण + 1 कार्य। | 19.06.2025 26.06.2025 | 134.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 27 | पंचायती राज झज्जर | 8.50 - गांव बामनोली ब्लॉक बहादुरगढ़ में राजेन्द्र के प्लॉट से अतुल के मकान तक गली का निर्माण। | 19.06.2025 25.06.2025 | 7.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/540/35895/I/88/6 दि. 23.06.25

**खबर संक्षेप**

### अवैध खनन को सहन नहीं करेंगे : सैनी

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य में अवैध खनन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के उद्देश्य से खनन एवं भू विज्ञान विभाग के अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि खनन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश सोमवार यहां खनन एवं भू विज्ञान विभाग के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि खनन एजेंसियों द्वारा राज्य सरकार को समय पर राजस्व प्राप्त हो, इसके लिए आगामी तीन महीनों में बकाया राशि की पूर्ण वसूली सुनिश्चित की जाए। साथ ही, अवैध खनन पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए भी लगातार पेट्रोलिंग व निगरानी गतिविधियों को बढ़ाया जाए। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

### इनेलो कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त

**चंडीगढ़।** इनेलो कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक बलवान दोदवा ने बयान जारी करते हुए बताया कि इनेलो राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला और प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा से विचार-विमर्श के बाद में के सभी 22 जिलों में जिला संयोजकों की नियुक्ति की है। सतफूल सिंह पंचकूला, कुलजीत सिंह अम्बाला, बलवन्त सिंह सिन्धू को यमुनानगर, मान सिंह को कुरुक्षेत्र, सतपाल शर्मा करनाल, जगदीश सिन्धू पानीपत, धर्मवीर दहिया को सोनीपत, मास्टर रघबीर सिंह को कैथल व अन्य जिलों में संयोजक नियुक्त किए गए है।

### बिजली शिकायतों पर सुनवाई 25 को

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम पंचकूला के कॉरपोरेट शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्यों द्वारा मंच की कार्यवाही 25 को कॉरपोरेट उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के कार्यालय पंचकूला में की जाएगी। इस दौरान केवल पंचकूला जिला के उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में परिवहन विभाग की बैठक में निर्णय

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए बसों में लगेंगे ट्रैकिंग डिवाइस, डायल 112 से जुड़ेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

सरकार ने राज्य में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए प्रदेश के सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों को वाहन स्थान ट्रैकिंग डिवाइस (वीएलटीडी) से युक्त किया जाएगा।

■ मुख्यमंत्री ने योजना को समयबद्ध ढंग से लागू करने व टाइमलाइन तय करने के निर्देश दिए

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार यहां हुई परिवहन विभाग की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस योजना को समयबद्ध ढंग से लागू किया जाए और टाइमलाइन तय की जाए। उन्होंने कहा कि विभागवार या जिलावार लक्ष्य निर्धारित करके इस कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस प्रणाली को आपातकालीन प्रणाली 112 सेवा के साथ एकीकरण भी किया जाए। यह पहल राज्य में महिलाओं के लिए सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में बताया गया कि वीएलटीडी प्रणाली सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्भया फ्रेमवर्क के अंतर्गत विकसित की गई है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुरक्षित, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है, जो वास्तविक समय, स्थान डेटा और आपातकालीन चेतावनी सुविधाएं प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रक्रियाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री ने दिए कड़े निर्देश, वैज्ञानिक अध्ययन कर दुर्घटनाओं के कारणों की होगी पहचान होगी। सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक अध्ययन कराया जाए। प्रत्येक दुर्घटना के पीछे सड़क की स्थिति, ओवरस्पीडिंग, आवारा पशु अथवा अन्य संभावित कारणों की गहराई से जांच की जानी चाहिए, ताकि उन खामियों को दूर कर भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।राजस्व घाटे की चुनौती से निपटने हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को विभिन्न नवाचारों और व्यावसायिक संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि अन्य विकल्पों को ध्यान देने की बैठक में निर्देश दिए गए।



**स्कूली वाहनों की फिटनेस की निगरानी के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से स्कूली वाहनों की फिटनेस की भी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल बसों की नियमित जांच हो तथा उनकी तकनीकी स्थिति पर पूरा ध्यान दिया जाए। इसके लिए स्कूल संचालकों की एक बैठक जल्द आयोजित की जाए, जिसमें उन्हें इस बारे स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं और एक तय समयावधि के बाद निर्देशों का अनुपालन न करने पर बसों का चालान और जब्त किया जाए। बच्चों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नियमित अंतराल पर रोडवेज के ड्राइवरों से मेडिकल सर्टिफिकेट लिया जाए। यह कदम यात्रियों की सुरक्षा और ड्राइवरों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की दिशा में उठाया गया है।

**सिटी बस सेवा की समीक्षा**

### इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी

मुख्यमंत्री ने सिटी बस सेवा की समीक्षा करते हुए इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। साथ ही, चार्जिंग स्टेशनों की भी व्यवस्था की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि सिटी बस सेवा योजना के तहत 375 ई बसों की खरीद प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा, पीएम ई बस सेवा योजना के तहत भी 250 ई बसों की खरीद के लिए आगामी कार्रवाई में तेजी लाई जा रही है। वर्तमान में 9 शहरों में सिटी बस सेवा संचालित की जा रही है। बैठक में बताया गया कि राज्य में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आधुनिक सुविधाओं से युक्त चालक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीडीआर) की स्थापना और विस्तार पर बल दिया जा रहा है।

### विस स्पीकर ने जाना विज का हालचाल



**चंडीगढ़।** विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने सोमवार को परिवहन मंत्री अनिल विज से भेंट कर उनका हाल-चाल जाना। ऊर्जा मंत्री पैर में फैक्चर के चलते स्वास्थ्य लाभ ले रहे है। वहीं कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने भी अनिल विज से भेंट की।

## लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान करें : विस स्पीकर

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को घरौंडा में हलके के लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निवारण के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ कुछ समस्याओं का मौके पर भी समाधान किया। हरविन्द्र कल्याण ने आज घरौंडा में लोगों की सामूहिक एवं व्यक्तिगत समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में लोग विभिन्न प्रकार की समस्याएं लेकर पहुंचे थे। उन्होंने हर समस्या को गंभीरता से सुना और उनके निपटारे के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। आम जनता ने राष्ट्रीय राजमार्ग से रेस्ट हाउस को जोड़ने वाले कट को चौड़ा करने, अनाज मंडी में किसानों और जनता के लिए शौचालय बनवाने की मांग भी विधानसभा अध्यक्ष के सम्मुख रखी। गांव वजीदा के लोगों ने सड़क पर जमा होने वाले पानी की समस्या के समाधान के लिए पीडब्ल्यूडी की सड़क के साथ नाला बनवाने, कम्युनिटी हाल बनवाने, पनौड़ी-जमालपुर सड़क पर नाला बनवाने और अमृतपुर के सैनी मोहल्ले में कम्युनिटी सेंटर बनवाने की भी मांग की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र वासियों की समस्याओं का समाधान करना, उनकी पहली प्राथमिकता है लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए।

## डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और इस दौरान पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार, बलिदान और राष्ट्रभक्ति आज भी हर भारतवासी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने 'एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो संविधान नहीं चलेंगे का संकल्प लेकर राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्वन्योछावर किया।



उनके अथक प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लागू परमिट प्रथा' समाप्त हुई और देश की एकता को मजबूती मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें गर्व है कि प्रधानमंत्री ने डॉ. मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर अखंड भारत के संकल्प को साकार किया है।

### आपातकाल के 50वें वर्ष को काले अध्याय और संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी ने 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष को काले अध्याय और संविधान हत्या दिवस'' के रूप में मनाएगी। इसी कड़ी में आपातकाल की विभिषिका के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए हरियाणा भाजपा ने हर जिले में कार्यक्रम तय किए हैं और प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने हर जिले में होने वाले कार्यक्रमों के लिए वक्ताओं की नियुक्तियां की है। इस बाबत भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने पत्र भी जारी किया है। सुरेन्द्र पूनिया ने बताया कि इन कार्यक्रमों में वक्ता के रूप में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय मंत्री, हरियाणा सरकार के मंत्री, प्रदेश महामंत्री (संगठन) राज्यसभा सांसद अलग-अलग जिलों में जाकर कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।



## पीएम के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष रहे अतुलनीय : गौतम

**चंडीगढ़।** खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश ने अतुलनीय युग में प्रवेश किया है। यह 11 वर्ष केवल शासनकाल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का वह दौर है जिसमें भारत ने अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करते हुए आधुनिक विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। खेल राज्य मंत्री सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मानेसर में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पटौदी की विधायक बिमला चौधरी मौजूद रहीं। गौतम ने कहा कि गरीब, किसान, महिला और युवा ये चार स्तंभ मोदी सरकार के सुशासन के केंद्र बिंदु हैं। अंत्योदय उत्थान के लक्ष्य के साथ पिछले 11 वर्षों में 29 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया गया है। जल जीवन मिशन से 15 करोड़ ग्रामीण घरों में नल से जल पहुंचा है। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ परिवारों को पक्के घर दिए गए हैं। हमारी मातृशक्ति के सम्मान को बरकरार रखने के लिए स्वच्छ भारत मिशन के तहत देश खुले में शौच से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ा है। हर जगह देश तरक्की कर रहा है।

### उपचुनावों में प्रचंड जीत ऐतिहासिक : अनुराग

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने गुजरात और पंजाब की उपचुनाव सीटों पर पार्टी की प्रचंड जीत को ऐतिहासिक करार दिया और इसे देश में ईमानदारी की राजनीति की नई लहर का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि विसावदर और लुधियाना पश्चिम की जनता ने यह साफ संकेत दे दिया है कि अब देश के लोग पारंपरिक झूठी और अवसरवादी राजनीति से तंग आ चुके हैं और आम आदमी पार्टी को ही बदलाव का असली विकल्प मानते हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों सीटों पर आम आदमी पार्टी को पिछले चुनाव के मुकाबले लगभग दोगुने अंतर से जीत मिली है, जो यह बताता है कि पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। पंजाब की जनता ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि उन्हें भगवंत मान सरकार पर पूरा भरोसा है। वहां लोगों ने 2022 से भी ज़्यादा समर्थन देकर यह स्पष्ट कर दिया कि काम की राजनीति को वे ही सराहते हैं।

## पर्ल कंपनी की सिरसा में 214 एकड़ भूमि होगी नीलाम

■ धोखाधड़ी के शिकार लोगों को पैसे मिलने की उम्मीद

**सिरसा।** सुप्रीम कोर्ट की लोढ़ा समिति के आदेश पर चिटफंड घोटाले में शामिल पर्ल ग्रुप की सिरसा जिला के ऐलनाबाद में स्थित 216 एकड़ जमीन नीलाम की जाएगी। नीलामी 30 जून को तय की गई है। लोढ़ा समिति द्वारा इस जमीन का बेस प्राइज 9 करोड़ रुपए रखा गया है।

इस नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक खरीदारों को 90 लाख रुपए की अग्रिम राशि जमा करानी होगी। पल ग्रुप की यह जमीन जिला के ऐलनाबाद कस्बे के गांव नीमला में केहरवाला रोड पर है। जमीन का 60 प्रतिशत हिस्सा नीमला गांव में और 40 प्रतिशत ऐलनाबाद में आता है। जांच में सामने आया है कि कंपनी ने यह जमीन 2001-02 में खरीदी थी, जब प्रदेश में इनेलो की सरकार थी। गौरतलब है कि कंपनी की कुल 216 एकड़ जमीन में से 14 एकड़ जमीन पहले ही धोखाधड़ी से बेची जा चुकी है। यह जमीन अब तक तीन अलग-अलग लोगों के हाथों में जा चुकी है। वर्तमान में यह जमीन एक निजी व्यक्ति के नाम पर दर्ज है। बता दें कि पर्ल ग्रुप का मालिक निर्मल सिंह भंगू पंजाब के बरनाला जिले का रहने वाला है। वह दूध बेचने से लेकर इन्वेस्टमेंट कंपनी में काम कर चुका था। कंपनी बंद हो गई तो उसने यह लोगों को ठगने के लिए 1980 में पर्ल गोल्डन फॉरेस्ट कंपनी बनाई। इसे आयकर टैक्स व अन्य जांच के चलते बंद कर दिया।

**अरबों रुपये की ठगी**

1996 में पीएसीएम नाम से कंपनी बनाई और लोगों को एफडी के नाम पर मोटा मुनाफा देने का लालच देकर 5 करोड़ लोगों ने 50 हजार करोड़ रुपए इन्वेस्ट कर दिए। भंगू ने देश में अलग-अलग जगहों पर जमीनें व प्रॉपर्टी खरीद ली। इस मामले में केस दर्ज और सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। 2016 में सीबीआई ने भंगू व चार लोगों को गिरफ्तार किया था। सुप्रीम कोर्ट ने न्यायमूर्ति आरएस लोढ़ा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है, जो पीएसीएल की संपत्तियों की पहचान कर उन्हें बेचकर निवेशकों को उनका पैसा लौटाने का काम कर रही है। नीलामी में भाग लेने के लिए 17 जून तक कई लोग आवेदन कर चुके हैं।

## किसानों के मुद्दों पर सभी को एकजुट होना पड़ेगा : डल्लेवाल

■ जाट धर्मशाला में किसानों की प्रदेशस्तरीय बैठक ■ भारतीय किसान नौजवान यूनियन का भाकियू एकता सिधुपुर में विलय

**जींद।** जाट धर्मशाला में सोमवार को भारतीय किसान नौजवान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु कोहाड़ की अध्यक्षता में प्रदेशस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल, कैप्टन वेद प्रकाश, करण सिंह खटकड़, सुनील बद्दोवाल सहित अनेक किसान नेता मौजूद रहे। बैठक में भारतीय किसान नौजवान यूनियन भारतीय किसान यूनियन एकता सिधुपुर में विलय हुई। प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु कोहड़ ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार से बातचीत हुई थी। मांगें नही मानी गई तो लंबा आंदोलन चला। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवा ने सभी के सहयोग से सरकार को बातचीत की टेबल पर मजबूर किया गया और फिर हमारे साथ सरकार ने धोखा किया। सभी आंदोलनकारियों से सिर्फ एक ही चर्चा होती थी कि हमारा सभी का काम करने का तरीका जब एक है तो संगठन एक क्यों नहीं होना चाहिए। हम चाहते हैं कि हम सरदार जगजीत सिंह दलेवाल के नेतृत्व में मिलकर काम करें।

■ आज हिसार एग्रीकल्चर विवि में छात्रों को देंगे समर्थन



बैठक के बाद किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मंगलवार को उनका संगठन हिसार एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय में छात्रों के धरने में शामिल होगा। उनका संगठन छात्रों के साथ हैं। विश्वविद्यालय में धरने पर जो छात्र हैं वो हमारे ही बच्चे हैं। उनको हमारा पूरा समर्थन है।

**किसानों को आपस में लड़वा रही सरकारें : किसान नेता**

पंजाब हरियाणा के पानी मामले को लेकर उन्होंने कहा कि इस मामले मे हमारी किसान यूनियन का मजबूत स्टैंड है। पानी हर किसान की जीवन रेखा है और उसकी जरूरत है। सरकार किसानों को आपस मे भिड़वाने का ड्रामा रच रही हैं। सरकार को चाहिए कि वो किसानों को पानी देने पर काम करे। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन को कैसे मजबूत बनाया जाए, एसकेएम ओर नॉन एसकेएम दोनों मिलकर इस पर हम काम कर रहे हैं। पूरे देश को एकजुट करने का प्रयास कर रहे हैं।

## डायल-112 गाड़ी के चालक को हार्ट अटैक आया, अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

■ गाड़ी में बैठे जवान घायल ■ चालक अस्पताल में उपचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले के रतिया क्षेत्र में गश्त के दौरान पुलिस की डायल 112 गाड़ी के चालक को अचानक हार्ट अटैक आ गया। हार्ट अटैक के चलते चालक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और अनियंत्रित होकर गाड़ी डिवाइडर से जा टकराई। गनीमत रही कि इस हादसे में गाड़ी में सवार किसी पुलिस कर्मचारी को चोटें नहीं आई। गाड़ी रुकने ही पुलिस कर्मचारियों ने चालक को तुरंत भूना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से उसे रेफर कर दिया गया।

इसके बाद पुलिस कर्मचारी को फतेहाबाद के निजी अस्पताल में लाया गया जहां उसका उपचार चल रहा हैं। मिली जानकारी के अनुसार डायल 112 की गाड़ी ईआरवी-219 की टीम सोमवार सुबह रतिया शहर में गश्त पर थी। गाड़ी में चालक के अलावा एक एसपीओ और एक होमगार्ड जवान भी सवार था। जैसे ही टीम चली तो गाड़ी चला रहे जनकराम को अचानक हार्ट अटैक आ गया जिससे गाड़ी असंतुलित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में गाड़ी का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और गाड़ी वहीं रुक गई। बाद में गाड़ी में सवार कर्मचारियों ने चालक को संभाला और उसे तुरंत उपचार के लिए रतिया के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहां से फिर फतेहाबाद के प्राइवेट अस्पताल में दाखिल करवाया गया। इस हादसे में गाड़ी में अन्य कर्मचारियों को चोटें आई है।




**फतेहाबाद।** हादसे के बाद क्षतिग्रस्त डायल 112 की गाड़ी।

## जासूसी की आरोपी यूट्यूबर ज्योति की न्यायिक हिरासत 14 दिन और बढ़ी

■ ज्योति के वकील बोले, अब सेशन कोर्ट में दाखिल करेंगे जमानत याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अदालत ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार की गई यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की हिरासत अवधि 14 दिन और बढ़ा दी है। पहले की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद उसकी वी डि यो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई जिस पर अदालत ने उसे फिर से 14 दिन जेल भेजने के निर्देश दिए। अब सात जुलाई को मामले की फिर सुनवाई होनी है।

■ पुलिस ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अदालत में पेश किया

■ सात जुलाई को मामले में फिर सुनवाई

पुलिस ने जासूसी के आरोप में 16 मई को ज्योति को उसके घर से पकड़ा था। पहले उसे 9 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया और उसके बाद वह 23 मई से लगातार न्यायिक हिरासत में चल रही है।

अदालत उसकी जमानत याचिका पहले ही खारिज कर चुकी है। ज्योति के वकील कुमार मुकेश का कहना है कि वे अब सेशन कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल करेंगे और कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने ज्योति पर लगे आरोपों को गलत बताया।

**वकील बोले, आरोप सही नहीं**



उधर, ज्योति के वकील कुमार मुकेश का कहना है कि ज्योति पर गलत धाराएं लगाई गई है। पुलिस की जांच से ऐसा नहीं लगता कि ज्योति पर जो आरोप है वह सही हैं। कुमार मुकेश ने यह भी कहा कि पुलिस की चार्जशीट से पता चलेगा कि पुलिस ने किस आधार पर ज्योति पर कार्रवाई की है। कुमार मुकेश ने कहा कि अगर बीएनएस की धारा 152 नहीं हटती है तो पुलिस 90 दिन में चार्जशीट पेश कर सकती है। अगर धारा हट जाती है तो बाकी धाराओं के हिसाब से 60 दिन में चार्जशीट पेश कर सकती है। अगर पुलिस अपनी जांच में 152 बी बरकरार रखती है तो वह 90 दिन में चार्जशीट पेश कर सकती है।

## भूमि बेचने का झांसा देकर 80 लाख की धोखाधड़ी

■ एक आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया

**कैथल।** पुलिस ने जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख ठगी मामले में इकनॉमिक सैल द्वारा एक आरोपी को काबू करके 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव डयोढखेड़ी निवासी शीशपाल व जोगिंद्र की शिकायत अनुसार वह दोनों भूमि खरीदना चाहते थे। जो डिलर का काम करने वाले खेड़ी निगरा पटियाला पंजाब निवासी कर्मजीत, समाना पंजाब निवासी जोगिंद्र सिंह व अंग्रेज सिंह उनसे मिले व कई गांव में जमीन दिखाई । उन्होने उन्हे गांव शादीपुर तहसील गुहला में 50 कनाल 15 मरले भूमि दिखाई। जो भूमि उन्हें पसंद आ गई। डीलरों द्वारा उन्हे जमीन के मालिक कहकर गांव पलौंदिया जिला पटियाला पंजाब निवासी अमरजीत सिंह व कमलजीत सिंह से मिलवाया और कहा कि यह जमीन इनकी है। 37 लाख 75 हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से उनका सौदा तय हो गया। 12 मार्च को 60 लाख रुपए बयाना देकर इकरारनामा करवा दिया गया। 21 अप्रैल को उन्होने 20 लाख रुपए और दे दिए। तथा रजिस्ट्री की तारीख 22 मई तय हुई। 22 मई को वह रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसील गुहला गए परंतु आरोपीगण वहां नहीं पहुंचे। उन्होंने गांव शादीपुर पहुंचकर पता किया तो उन्हें पता चला कि आरोपीगण ने षड्यंत्र रचकर यह धोखाधड़ी की है। उनसे अमरजीत, कमलजीत कहकर मिलवाए गए व्यक्ति भी असल में इस नाम के व्यक्ति नहीं है। जिस धोखाधड़ी बारे थाना गुहला में मामला दर्ज किया गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

*प्रधानमंत्री की तारीफ में थरूर ने पढ़े कसीदे*

### थरूर के विचार कांग्रेस से हो रहे अलग

## प्रधानमंत्री मोदी की वैश्विक सक्रियता ही भारत की सबसे प्रमुख ताकत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वैश्विक स्तर पर भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा, सक्रियता और संवाद करने की इच्छाशक्ति भारत के लिए एक प्रमुख संपत्ति है। हालांकि शशि थरूर की ये टिप्पणी कांग्रेस पार्टी की आधिकारिक लाइन से मेल नहीं खाती, जो लगातार मोदी सरकार की विदेश नीति की आलोचना कर रही है। कांग्रेस नेता का यह लेख एक समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ है, जिसमें उन्होंने




हाल ही में हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की कूटनीतिक पहल को राष्ट्रीय संकल्प और प्रभावी संप्रेषण का उदाहरण बताया। थरूर ने अपने लेख में लिखा, प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा, सक्रियता और वैश्विक स्तर पर संवाद की तत्परता भारत की एक बड़ी ताकत है, जिसे और अधिक समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले और उसके जवाब में शुरू हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत की कूटनीतिक सक्रियता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत किया। कांग्रेस नेता ने बताया कि उन्होंने एक सात सदस्यीय बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जिसने अमेरिका समेत गयाना, पनामा, कोलंबिया और ब्राजील जैसे देशों की यात्रा की।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले

## 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में सफल रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' ने सभी उद्देश्य हासिल कर लिए और आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में सफल रहा। वह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के दूसरे साल में उनके द्वारा दिए गए 51 भाषणों का एक संग्रह जारी किया। अपने संबोधन में सिंह ने मुर्मू की सराहना की और कहा कि वह इस



पुस्तक - 'विंग्स टू आवर होप्स, वॉल्यूम 2' को भारत के भविष्य की पटकथा लिखने वाला दस्तावेज मानते हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह किताब पिछले खंड की तरह ही शासन, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर विकसित हो रहे विमर्श को प्रस्तुत करती है।

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने विश्व शांति पर जोर देते हुए ईरान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों की वकालत की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने विश्व शांति पर जोर देते हुए ईरान के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों की बात कही। एक बयान में उन्होंने कहा कि भारत हमेशा शांति का पक्षधर रहा है और किसी भी स्वतंत्र, लोकतांत्रिक देश पर हमले का विरोध करता है। खरगे ने ईरान को भारत का महत्वपूर्ण पड़ोसी और समय विश्वसनीय भागीदार बताया। उन्होंने कहा, ईरान हमारा पड़ोसी है और मुश्किल वक्त में हमेशा हमारे साथ खड़ा रहा है।



हमारे बीच व्यापारिक रिश्ते हैं, विशेष रूप से कच्चे तेल के आयात के क्षेत्र में। जब संयुक्त राष्ट्र में जम्मू-कश्मीर का मुदा उठा था, तब ईरान ने भारत का समर्थन किया था। हम चाहते हैं कि ईरान को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि शांति की कामना करने वाले देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप

■ सरकार को दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने का प्रयास करना चाहिए, ईरान हमारा पुराना दोस्त

नहीं करना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, चाहे वह इजरायल हो, ईरान हो, या अमेरिका, किसी को भी किसी संप्रभु और लोकतांत्रिक देश पर हमला नहीं करना चाहिए। आज अगर ईरान के साथ ऐसा हो रहा है, तो कल यह किसी और देश के साथ भी हो सकता है। उन्होंने भारत की शांति नीति को दोहराते हुए कहा कि भारत हमेशा उन देशों के साथ खड़ा रहा है जो विश्व में शांति और स्थिरता चाहते हैं।

### खबर संक्षेप

### कांग्रेस विधायक कागे ने दी इस्तीफे की धमकी

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के कागवाड़ से कांग्रेस के विधायक भरमगौड़ा अलगौड़ा कागे ने सोमवार को कहा कि वह विधानसभा से इस्तीफा देने पर



विचार कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में प्रशासनिक ढांचा बिगड़ गया है। बेलगावी में पत्रकारों से बात करते हुए कागे ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों में देरी पर नाराजगी जताई। कागे ने आरोप लगाया, पूरे राज्य का प्रशासन ठप हो गया है। मुझ बहुत दुख हुआ है। मैं गंभीरता से इस्तीफे पर विचार कर रहा हूं। अगर अगले दो दिनों में मैं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को इस्तीफा दे दूं तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए।

### ओडिशा में अफगान घुसपैठिया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने आव्रजन अधिकारियों की मदद से एक अफगानी घुसपैठिये को गिरफ्तार किया है, जो जाली



दस्तावेज के सहारे 2018 से कटक में रहकर व्यापार कर रहा था। आरोपी की पहचान मोहम्मद यूसुफ (54) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र समेत कई जाली दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, यूसुफ को शनिवार को गिरफ्तार किया और वह काबुल निवासी मोहम्मद नसीम खान का पुत्र है।

### केजरीवाल ने राज्यसभा जाने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार



संजीव अरोड़ा की जीत हुई। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से पूछा गया कि क्या आप अब राज्यसभा जाएंगे तो उन्होंने स्पष्ट किया, 'मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति तय करेगी कि कौन राज्यसभा जाएगा।' विधानसभा हलका लुधियाना पश्चिमी उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की शानदार जीत पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने सभी को बधाई दी।

### तेजप्रताप ने कहा- 'मेरी जान को खतरा है'

**पटना।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। लालू यादव के बड़े बेटे व



बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने मीडिया के सामने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उनका कहना है कि वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनकी जान को खतरा है। तेज प्रताप ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मेरी सुरक्षा बढ़ाई जाए, क्योंकि मेरी जान को खतरा है। उन्होंने आगे कहा कि पूरी बिहार की जनता जानती है कि मेरा स्वभाव कैसा है। इसी का गलत फायदा उठाकर चार-पांच लोग, जो राजद में बैठे हैं, वे मिलकर मेरे जीवन को बर्बाद करने का काम किए हैं।

### गृह मंत्री शाह ने बस्तर से आए 70 जवानों से मुलाकात की

**आपकी बहादुरी को सलाम...**

## बस्तर से लौटे जवानों से मिले गृह मंत्री अमित शाह, साथ में खाया खाना



केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि बस्तर जैसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में डटे रहकर देश की सुरक्षा में योगदान देना, अद्वितीय साहस और समर्पण का प्रमाण है

*अमित शाह ने जवानों से सुझाव मांगे*



सरकार नक्सलियों के खिलाफ रणनीति में जवानों की राय ले रही है

एजेंसी ▶▶ रायपुर

गृह मंत्री अमित शाह ने बस्तर क्षेत्र से आए सुरक्षा बलों के जवानों से मुलाकात की। इस खास मौके पर बस्तर से आए करीब 70 जवानों से उन्होंने न सिर्फ बातचीत की, बल्कि उनके साथ लंच भी किया। यह मुलाकात सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जवानों का मनोबल बढ़ाने और उनकी जमीनी जरूरतों को समझने का एक सराहनीय प्रयास भी रही। अमित शाह ने जवानों से खुलकर बात किया और उनके अनुभव, संघर्ष और सेवा भावना को सराहा। उन्होंने कहा कि बस्तर जैसे संवेदनशील और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में डटे रहकर देश की सुरक्षा में योगदान देना, अद्वितीय साहस और समर्पण का प्रमाण है। जवानों की प्रतिबद्धता के कारण ही नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में लगातार सफलता मिल रही है। मुलाकात के दौरान गृह मंत्री ने नक्सल प्रभावित इलाकों में हालात की समीक्षा भी की। अमित शाह ने जवानों से उनकी राय और सुझाव भी लिए कि जमीनी स्तर पर किन रणनीतियों से और बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

**सरकार उनके हर कदम में साथ**

बता दें कि गृह मंत्री ने जवानों के साथ लंच किया। वहीं जवानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और गृह मंत्री के साथ संवाद का अवसर पाकर उत्साहित नजर आए। गृह मंत्री ने कहा कि सरकार उनके हर कदम में साथ है और उनके कल्याण के लिए लगातार योजनाएं बनाई जा रही हैं। यह मुलाकात एक प्रतीक है कि केंद्र सरकार न केवल नीतिगत निर्णय ले रही है, बल्कि जमीनी सच्चाई को भी समझने की दिशा में गंभीर है। अमित शाह की यह पहल निश्चित ही जवानों का हौसला बढ़ाएगी और नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी। यह बैठक आने वाले समय में नक्सलियों के खिलाफ सरकार की मजबूत और योजनाबद्ध रणनीति का हिस्सा साबित हो सकती है। वहीं अमित शाह इसके बाद रायपुर एयरपोर्ट से वाराणसी के लिए रवाना हो गए।

### शाह ने शहीद आकाशराव गिरिपुंजे के परिजनों से की मुलाकात

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नवा रायपुर में सुकमा में आईईडी विस्फोट में बलिदान आकाशराव गिरिपुंजे के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सांत्वना प्रदान की। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे की वीरता और बलिदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी शहादत देश के लिए अविस्मरणीय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश हमेशा उनके बलिदान का ऋणी रहेगा और उनकी शहादत को कभी व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा। शाह ने शहीद के साहस को प्रेरणादायी बताते हुए उनके योगदान को राष्ट्र के लिए अमूल्य करार दिया।



इस अवसर पर शाह ने शहीद के परिजनों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी है।

## पंचायतों को स्वयं के स्रोत से राजस्व उत्पन्न करने के लिए प्रशिक्षित करने पर की साझेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

■ आईआईपीए के अधिकारियों, 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मास्टर प्रशिक्षकों ने लिया भाग

भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), नई दिल्ली में सोमवार को सचिव, पंचायती राज मंत्रालय विवेक भारद्वाज ने "ग्राम पंचायतों द्वारा स्वयं के स्रोत से राजस्व सृजन" पर प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र में आईआईएम अहमदाबाद के संकाय सदस्यों, आईआईपीए के अधिकारियों, 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के नामित मास्टर प्रशिक्षकों और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य रूप से पंचायतों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर और विकास के लिए तैयार संस्थान बनाने के उद्देश्य से यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईएम अहमदाबाद के सहयोग से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है। अपने मुख्य संबोधन में, भारद्वाज ने आत्मनिर्भर पंचायतों के निर्माण के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को रेखांकित किया और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वयं के स्रोत से राजस्व (ओएसआर) को एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में बताया।

### यमुनोत्री मार्ग पर भूस्खलन में दो श्रद्धालुओं की मौत

**उत्तरकाशी (भाषा)।** उत्तराखंड में यमुनोत्री मंदिर के पैदल रास्ते पर नौ कैंची के पास सोमवार को भूस्खलन होने से उसके मलबे में दबकर दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। उशाम पहाड़ दरकने से हुए भूस्खलन के मलबे से दो श्रद्धालुओं के क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए हैं जबकि महाराष्ट्र के मुंबई के निवासी एक श्रद्धालु को घायल अवस्था में निकाला गया जिसे बाद में अस्पताल पहुंचाया।

### खगड़िया में अत्याधुनिक साइलो गोदाम का उद्घाटन

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** बिहार के खगड़िया जिले में निर्मित अत्याधुनिक साइलो गोदाम का उद्घाटन सोमवार को केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा की इस साइलो गोदाम का कुल क्षमता 50,000 मीट्रिक टन है। साथ ही साथ इस तरह के साइलो गोदाम के निर्माण से कम जगह मे अनाज भंडारण बेहतरीन तरीके से संभव हो पता है। इसके अतिरिक्त अनाज की सुरक्षा भी अत्याधुनिक यंत्रों के उपयोग से कई गुना बढ़ जाती है। इस तरह के गोदाम प्रधानमंत्री के आकांक्षा के अनुरूप है। उन्होंने सम्बद्ध अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से गोदाम के सफल निर्माण के लिए बधाई दिया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर जोशी ने कहा कि यह साइलो पूरी तरह यंत्रीकृत है तथा स्टील से निर्मित है, जिससे कम जगह में अधिक अनाज संग्रहित किया जा सकता है।

### पीएमओ का नया प्लान, जल्द होगा ऐलान

## आठ शहर नहीं अब एक लाख की आबादी वाले छोटे शहरों का किया जाएगा विकास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग की सिफारिश पर शुरू की गई आठ नए ग्रीनफील्ड शहरों को विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना को रद्द कर दिया है। इस योजना के लिए 8 हजार करोड़ रुपये का बजट आवंटित था, लेकिन अब इस राशि को एक नई योजना में शामिल किया जाएगा, जिसका उद्देश्य छोटे शहरों के विकास को बढ़ावा देना है। इस फैसले से जहां छोटे शहरों में खुशियों की लहर है वहीं ऐसे राज्यों में निराशा पैदा हुई है, जहां प्रस्तावों पर काम शुरू कर दिया गया था। खासकर उत्तर-पूर्वी और पहाड़ी राज्यों को इस योजना से उम्मीद थी। उनके लिए विशेष छूट दी गई थी। उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए प्रस्तावित शहरों का आकार 25 हेक्टेयर और जनसंख्या 25,000 तक सीमित थी, जबकि अन्य राज्यों के लिए यह 50 हेक्टेयर और 1 लाख थी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने पीएमएमएल सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली, (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने देश भर के संग्रहालयों का एकीकृत सांस्कृतिक और सूचनात्मक परिदृश्य उपलब्ध कराने के लिए "भारत का संग्रहालय मानचित्र" बनाने की अवधारणा प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, "प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के महत्व को रेखांकित करते हुए पीएम ने देश के सभी संग्रहालयों का एक व्यापक राष्ट्रीय डाटाबेस विकसित करने का सुझाव दिया, जिसमें आगंतुकों की संख्या और गुणवत्ता मानकों को शामिल किया जाए।'

### इंदिरा के प्रधान सचिव रहे पी एन धर ने किताब में दोनों के रिश्तों पर किया खुलासा

## क्या इंदिरा के लिए भी सिरदर्द साबित हो रहे थे संजय गांधी?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आपातकाल के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रधान सचिव के रूप में काम करने वाले पी एन धर ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए लिखी एक किताब में इंदिरा और उनके बेटे संजय गांधी के रिश्तों पर रोशनी डाली है। धर ने अपनी पुस्तक 'इंदिरा गांधी, द इमरजेंसी एंड इंडियन डेमोक्रेसी' में लिखा है कि उन दिनों पीएमएच (प्रधानमंत्री आवास) 'असंवैधानिक' गतिविधियों का अड्डा बन गया था जहां कांग्रेस के पदानुक्रम में कनिष्ठ रहे लेकिन प्रधानमंत्री के करीब नेताओं और उनके बेटे के वफादार पार्टी पदाधिकारियों के एक समूह ने पीएमएस (प्रधानमंत्री सचिवालय) को कमजोर कर दिया। उन्होंने किताब में लिखा है कि पीएमएस में केंद्रीकृत शक्तियों की आलोचना करते हुए, मोरारजी देसाई ने इसका नामकरण पुनः प्रधानमंत्री कार्यालय के रूप में किया था। पुस्तक में दावा किया गया है कि संजय गांधी और हरियाणा के नेता बंसी लाल जैसे उनके वफादारों ने उस अवधि में कांग्रेस में वर्चस्व हासिल किया। यहां तक कि प्रधानमंत्री भी संविधान में व्यापक परिवर्तन के लिए संविधान सभा के गठन के समर्थन में राज्य विधानसभाओं से प्रस्ताव पारित



करवाने के उनके कदम से चिंतित थीं। संजय गांधी के प्रति इंदिरा के बेइंतहा पुत्र मोह से अवगत रहे धर ने 2000 में प्रकाशित पुस्तक में लिखा कि वह इसे आमतौर पर अस्थायी खीझ भर मान लेते। उन्होंने लिखा, "लेकिन इस बार यह एक क्षणिक मनोदशा से अधिक था। मुझे पता था कि उन्होंने कितनी सावधानी से संजय को संवैधानिक सुधारों पर सभी चर्चाओं से दूर रखा था। मुझे यह भी पता था कि उन्हें तीन विधानसभाओं द्वारा उनकी जानकारी के बिना, लेकिन संजय की स्वीकृति के साथ संविधान सभा संबंधी प्रस्तावों को पारित करने पर कितनी नाराजगी थी।

क्या संजय उनके लिए भी सिरदर्द साबित हो रहे थे?" धर ने कहा कि संविधान सभा का मुख्य उद्देश्य आपातकाल को जारी रखना और चुनाव स्थगित करना प्रतीत हो रहा था। बंसीलाल ने धर से कहा था कि इसका उद्देश्य 'बहन जी' (इंदिरा गांधी) को आजीवन राष्ट्रपति बनाना है। पुस्तक के अनुसार जब आपातकाल हटाए जाने के बाद मार्च 1977 के चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा, तो दिल्ली के सत्ता के गलियारों में कानाफूसी शुरू हो गई जहां इंदिरा गांधी के कथित अपराधों और जनता पार्टी की योजनाओं की कहानियां गूंज रही थीं। इस चुनाव में जनता पार्टी ने बहुमत हासिल किया था और ऐसी अफवाहें थीं कि अब वह इंदिरा गांधी और संजय गांधी को खत्म कर देगी। धर ने लिखा कि इंदिरा गांधी, संजय गांधी के बारे में अधिक चिंतित थी और खुद को अपने परिवार में अलग-थलग पा रही थीं।


**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

मु.न. 183 दिनांक 19.06.2025 धारा 127(6) बी.एन.एस. थाना सैक्टर-27 जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम- सुमित।
पिता का नाम- विजय कुमार।
पता - 05/18 अशोक नगर सोनीपत हरियाणा।
उम्र- 33 वर्ष
कद- "6" फुट।
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, दाढी-मुछ रखे हुए हैं। हृष्ट-पुष्ट शरीरा
पहनावा- काले रंग की टी-शर्ट नीली जीन्स लाल रंग के स्पोर्टस जुते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10-06-2025 को सुमित पुत्र विजय कुमार वासी 05/18 अशोक नगर सोनीपत हरियाणा। बिना किसी को कुछ बताए घर से कहीं चला गया है। जो अब तक घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना- 7419410535
अनुसंधानकर्ता मो. नं.-946600965
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3546/2026/35873/88/6 दि. 23.06.25

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 238 दिनांक 19.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना महम रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे-



नाम- बलवान
पिता/पति- पुत्र भीम सिंह
पता - निवासी सैमाण जिला रोहतक
उम्र- 52 वर्ष
कद - 5 फुट 8 ईच।
हुलिया - रंग सांवला, पतला व लम्बूतरा चेहरा, दाहिने पैर में लचक व चेहरे पर चोट निशान।

लगभग 1 साल 6 महिने पहले बलवान पुत्र भीम सिंह निवासी सैमाण जिला रोहतक अपने घर से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9466207401

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 170 दिनांक 21.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सदर रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे-



नाम- महेन्द्र
पिता/पति-
पता - निवासी धामड रोहतक।
उम्र- 64 वर्ष
कद- 5 फुट 7 ईच।
हुलिया - रंग साँवला, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा - गेंहुआ कुर्ता, गहरे भूरे रंग की पैंट व पैरों में काली चप्पल पहने हुए व साईकिल साथ।


दिनांक 18.06.25 को महेन्द्र निवासी धामड रोहतक बिना किसी को बताए कहीं अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999123
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9896155073

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 121 दिनांक 21.06.2025 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सिविल लाईन रोहतक।

गुमशुदा की पहचान बारे –



नाम - राममेहर गोयल
पिता/पति-
पता - निवासी तिलक नगर रोहतक
उम्र- 80 वर्ष
कद- 5 फुट 11 ईंच।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा।
पहनावा - सफेद रंग की बनियान व पजामा व पैरों में जूत्ते पहने हुए है।

दिनांक 09.06.25 को राम मेहर गोयल निवासी तिलक नगर रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9468459952

पीआरडीएच-1084/11/3549/2026/35876/88/6 दि. 23.06.25

चिंतन

# होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने का भारत पर भी असर

इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग को लेकर देश के अंदर कांग्रेस की राजनीति दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत की तटस्थ विदेश नीति आजादी के वक्त से रही है। कांग्रेस को यह पता है। भारत के इजरायल व ईरान दोनों से अच्छे संबंध हैं, दोनों से ही शांति की अपील की है। इस जंग में अमेरिका की एंट्री से स्थिति पेचीदा हो गई है, अब ईरान ने रूस से खुलकर साथ आने मांग की है। चीन पहले से ही ईरान के साथ है और वह चुपके से हर स्तर पर मदद कर रहा है। इजरायल के साथ अमेरिका के आने व ईरान के साथ रूस व चीन के आने से अब महाशक्तियों के बीच टकराव बढ़ने की आशंका बढ़ गई है। ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद अब अमेरिका ने ईरान व इजरायल जंग को रोकने के लिए कूटनीतिक रुख अपनाने की पहल भी शुरू की है, ईरान के लिए अमेरिका को जवाब दिए बिना शांति वार्ता के लिए मानना आसान नहीं होगा। इस सबमें पाकिस्तान खुद को ठगा महसूस कर रहा है, अमेरिका के ईरान पर हमले में पाकिस्तान क्या रुख ले, उसकी समझ से परे है। यह निश्चित है कि अगर ईरान व इजरायल के बीच जारी युद्ध जल्द खत्म नहीं होता है, तो आने वाले समय में वैश्विक आपूर्ति तंत्र पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। इसमें विश्व के साथ भारत भी प्रभावित होगा। युद्ध के एक सप्ताह में ही कच्चे तेल के भाव दस से पंद्रह डॉलर प्रति बैरल बढ़ गए हैं। युद्ध लंबा खींचता है तो भाव सौ डॉलर प्रति बैरल पार कर सकते हैं, जिससे भारत जैसे बड़े आयातक पर बोझ बढ़ेगा। अभी भारत बेशक ईरान से कच्चा तेल व गैस नहीं खरीदता है, लेकिन होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेल समेत अनेक सामानों की आवाजाही होती है। अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति में बाधा आएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। भारत इराक, सऊदी अरब, कुवैत व यूएई से कच्चे तेल का आयात करता है। भारत का लगभग 50 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए आता है। भारत का 54 प्रतिशत प्राकृतिक गैस भी होर्मुज से ही होकर आता है। इस मार्ग पर कोई भी व्यवधान ऊर्जा की कीमतों को बढ़ा सकता है। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने सोमवार को कहा है कि ईरान और इजराइल के बीच जारी संघर्ष का मांग और लॉजिस्टिक्स पर प्रभाव पड़ सकता है। संघर्ष के कारण पोत परिवहन लागत में वृद्धि, पारगमन का समय बढ़ना तथा समुद्री बीमा प्रीमियम में वृद्धि हो सकती है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए (इक्रा) के मुताबिक, इस जंग के चलते अगर कच्चे तेल की कीमतों में प्रति बैरल 10 डॉलर की और बढ़ोतरी होती है, तो भारत के शुद्ध तेल आयात में लगभग 13 से 14 डॉलर की वृद्धि होगी। इससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) सकल घरेलू उत्पाद के 0.3 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। चालू खाता घाटा एक देश के चालू खाते में आयात और निर्यात के बीच असंतुलन को दर्शाता है। यह वह स्थिति है जब निर्यात से अधिक आयात पर खर्च होता है। मौजूदा संकट में ही भारत से ईरान व पश्चिम एशिया को चावल के निर्यात पर असर पड़ा है। भारत का एक हजार टन चावल से लदा जहाज बंदरगाह पर खड़ा है। भारत के सामने नए रूट तलाशने और नए ट्रेड पार्टनर ढूंढने की चुनौती होगी। इसमें समय लगेगा और लागत बढ़ाने वाला भी होगा। इजरायल व ईरान के बीच जंग का जल्द खत्म होना भारत समेत विश्व के हित में है, शांति की स्थापना के लिए संयुक्त राष्ट्र को आगे आना चाहिए। अमेरिका, रूस व चीन भी अपनी जिम्मेदारी समझें।



विश्लेषण

प्रो. नीलम महाजन सिंह

# जी-7 देशों के दरक रहे विश्वास

जी-7 का शिखर सम्मेलन हाल ही में कनाडा में हुआ। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ है जब दुनिया में दो युद्ध एक साथ चल रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही थी कि सम्मेलन में जी-7 के नेता विश्व में युद्ध के खात्मे व शांति स्थापना की पहल के लिए एकजुट प्रयास करेंगे, लेकिन आंतरिक मतभेदों के चलते जी-7 बैठक महज औपचारिकता बन कर रह गई। इन हालात ने यह साबित किया है कि जी-7 देशों के आपसी विश्वास दरक रहे हैं। सदस्यों ने पूर्वी व दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा अस्थिर करने वाली गतिविधियों के साथ 'ताइवान जलडमरूमध्य' में शांति बनाए रखने के महत्व पर चिंता व्यक्त की।

विकसित देशों के समूह जी-7 का 15-17 जून को दो दिवसीय शिखर सम्मेलन कनाडा में अल्बर्टा के कनानैस्किस में हुआ। यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हुआ जब दुनिया में दो युद्ध एक साथ चल रहे हैं। रूस व यूक्रेन के बीच जंग चौथे वर्ष में प्रवेश कर गई है और इजरायल व ईरान के बीच भीषण युद्ध शुरू हुआ है। उम्मीद थी, दुनिया की उन्नत अर्थव्यवस्थाओं व लोकतंत्रों के एक विशेष ग्रुप ऑफ सेवन या जी-7 के नेता विश्व में युद्ध के खात्मे व शांति स्थापना की पहल के लिए एकजुट प्रयास करेंगे, लेकिन आंतरिक मतभेदों के चलते जी-7 बैठक महज औपचारिकता बन कर रह गई। जी-7 ने बड़ा अवसर गंवा दिया। जी-7 में फ्रांस, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, इटली व कनाडा (अध्यक्षता के क्रम में) व यूरोपीय संघ (ईयू) सदस्य देश हैं, जिनके नेता प्रतिवर्ष एकत्रित होते हैं। सम्मेलन पर इजरायल-ईरान युद्ध का प्रकोप दिखाई दिया, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सम्मेलन छोड़कर पहले ही दिन वापस वाशिंगटन चले गए। ट्रंप ने चीन व रूस को समूह में शामिल करने का प्रस्ताव रखा, पर फ्रांस समेत ईयू की असहमित के चलते प्रस्ताव को भाव नहीं मिला।

सम्मेलन के दौरान अमेरिका व यूरोप के बीच मतभेद साफ दिखाई दिए, कनाडा को लेकर ट्रंप के पूर्व में दिए बयान ने भी कनाडाई पीएम कार्नी के जेस्चर को असहज रखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की। इन दोनों नेताओं ने भारत और कनाडा के बीच राजनयिक संबंध पुनः स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कनाडा में कुछ खालिस्तानी सिखों की हत्या का आरोप भारत पर लगाया गया था, जिससे पूर्व की जस्टिन ट्रूडो सरकार ने भारत में अपना दूतावास बंद कर दिया था। इस महत्वपूर्ण निर्णय में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर व विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की सराहनीय भूमिका रही है। कनाडा व भारत के बीच जमी बर्फ पिघलने की पहल मोदी की यात्रा की उपलब्धि मानी जा सकती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि अधिकांश बहुपक्षीय संस्थाओं ने आज अंतरराष्ट्रीय संबंधों की दिशा तय करने की अपनी महत्ता व क्षमता खो दी है। अटलांटिक से प्रशांत महासागर क्षेत्र में आर्थिक व सैन्य शक्ति के वैश्विक बदलाव ने जी-7 के महत्व को कम किया है। अमेरिका व जी-7 के बाकी सदस्यों के बीच 'ट्रांस-अटलांटिक दरार' ने नई चुनौतियां उत्पन्न की हैं। इसने स्पष्टतः शिखर सम्मेलन के दस्तावेजों व चर्चाओं के परिणामों को प्रभावित किया। पहला नुकसान, पहले से बातचीत करके तैयार की गई संयुक्त विज्ञप्ति के रूप में हुआ, जो कि पिछले जी-7 शिखर सम्मेलनों की खासियत थी। अध्यक्ष व मेज़बान के रूप में, कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने इबारत को पढ़ा और टैरिफ, आर्थिक नीति, यूरोपीय सुरक्षा, यूक्रेन, क्षेत्रीय दावे, गाजा व ईरान जैसे कई मुद्दों पर अमेरिका के साथ व्यापक मतभेदों को देखते हुए, इस शिखर सम्मेलन के लिए संयुक्त संचार को समाप्त करने का समय से पहले ही फैसला लिया गया। अध्यक्ष ने वित्तीय व आर्थिक नीति के समन्वय,




शांति-सुरक्षा के मुद्दों को संबोधित करने और वैश्विक चुनौतियों के जवाब में अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग के लिए उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए जी-7 के महत्व पर प्रकाश डाला। यूक्रेन पर एक ही पैराग्राफ से संतुष्ट होना पड़ा, क्योंकि अमेरिका-यूरोप मतभेदों को देखते हुए इस मुद्दे पर अलग बयान संभव नहीं था।

इजरायल व ईरान के बीच हाल के घटनाक्रमों पर एक स्टैंड-अलोन बयान जारी किया गया, जिसमें इजराइल की सुरक्षा के लिए समूह के समर्थन को दोहराया गया- 'इजरायल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है', पर ज़ोर देकर कहा कि ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं हो सकते। जी-7 ने ईरानी संकट के समाधान का आग्रह किया, जिससे गाजा में युद्धविराम सहित मध्य पूर्व में शत्रुता में कमी आ सकती है। इंडो-पैसिफिक पर अध्यक्ष के सारांश में पैराग्राफ स्पष्ट था, जिसमें चीन के साथ रचनात्मक व स्थिर संबंधों को संतुलित करने के साथ उसे 'बाज़ार विकृतियों और हानिकारक अति क्षमता' से दूर रहने का आह्वान किया गया। सदस्यों ने पूर्वी व दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा अस्थिर करने वाली गतिविधियों के साथ 'ताइवान जलडमरूमध्य' में शांति बनाए रखने के महत्व पर चिंता व्यक्त की। आउटरीच सत्र में दक्षिण अफ्रीका, ब्राज़ील, मैक्सिको, दक्षिण कोरिया, भारत, ऑस्ट्रेलिया, साथ ही संयुक्त राष्ट्र सचिव व विश्व बैंक के अध्यक्ष सहित; अतिथि देशों के नेताओं की उपस्थिति से जी-7 की स्वीकार्यता में वृद्धि हुई है। सम्मेलन में अनेक क्षेत्रों में सहयोग से संबंधित छह संयुक्त वक्तव्य शामिल हैं। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखलाएं, जंगल की आग से लड़ने व उससे उबरने के लिए बहुपक्षीय प्रयास, विदेशी हस्तक्षेप का मुकाबला, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय दमन पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूहों को समाप्त करके प्रवासी तस्करी का मुकाबला करना महत्वपूर्ण निर्णय है। प्रधानमंत्री मोदी, को इस प्रतिष्ठित मंच पर प्रमुख विश्व नेताओं के साथ पुनः जुड़ने का मौका मिला, जहां चीन अनुपस्थित था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व पीएम नरेंद्र मोदी के बीच 35 मिनट की टेलीफोन कॉल हुई। पीएम मोदी के लिए उत्तर-दक्षिण सहयोग के संदर्भ में ऊर्जा सुरक्षा पर नई दिल्ली के सुविचारित विचारों को व्यक्त करने का अवसर था। इसे प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने आतंकवाद, ऊर्जा संक्रमण व सामान्य रूप से एआई और प्रौद्योगिकी के प्रति मानव-केंद्रित दृष्टिकोण पर अपने विचारों को प्रकट किया।

सारांशार्थ एक महत्वपूर्ण परिणाम यह था कि भारत-कनाडा संबंधों के सामान्यीकरण व चरण-दर-चरण सुधार पर, मोदी-कार्नी द्वारा परस्पर सहमति से पुनर्स्थापित किया गया। कनाडा का राजनीतिक निष्कर्ष है कि भारत के साथ कई क्षेत्रों, व्यापार, निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, महत्वपूर्ण खनिज और उर्वरक में विस्तारित सहयोग से होने वाला लाभ आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी उत्साहवर्धक थी कि उन्होंने 'भारत-कनाडा मैत्री को गति देने के लिए मिलकर काम करने की योजना बनाई है।' कनाडा के दृष्टिकोण में इस बदलाव को लाने में, कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा की एक हालिया रिपोर्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें खालिस्तानी चरमपंथी हिंसा को बढ़ावा देने, धन जुटाने या योजना बनाने के लिए कनाडा के दुरुपयोग करने की बात है। जी-7 के लिए, आपसी विश्वास, बातचीत, विश्व शांति, हिंसा की समाप्ति तथा युद्धविराम अवश्यक हैं। अगले वर्ष जी-7 की प्रेसीडेंसी के रूप में, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की है कि अगला जी-7 शिखर सम्मेलन 14 से 16 जून, 2026 तक फ्रांस के एवियान में होगा। तब तक निश्चित रूप से दुनिया काफी बदल चुकी होगी। जी-7 को अपने अस्तित्व व मकसद ढूंढना चाहिए।

(लेखिका राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

रणनीति

विवेक शुक्ला



# कैसे उखड़ने लगे नक्सलियों के पांव

भारत में लंबे समय से नक्सलियों की हिंसा के कारण मासूम लोग अपनी जान गंवाते रहे हैं। ये बीती सरकारों के लिए सिरदर्द रहे हैं, पर केंद्र में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद इनके पैर उखड़ने लगे हैं। वे कहते हैं कि नक्सलवाद यदि एक विचार है तो इसे बदलने के लिए काम करना चाहिए और यदि विद्रोह है तो इसे कुचलने के लिए काम करना चाहिए। 2014 में जब नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी बीजेपी ने दी तो उन्होंने दूसरी ही रैली में बस्तर में जाकर माओवादियों को ललकारते हुए कहा था 'लोकतंत्र को स्वीकार करिए। सभी समस्याओं का सबसे अच्छा समाधान यही है। बम, बंदूक और पिस्तौल खून-खराबा तो कर सकते हैं, लेकिन नया जीवन नहीं दे सकते। हमें खून नहीं, पसीना बहाना है। हमें इस धरती को हरा-भरा बनाना है, लाल नहीं।' 11 साल बाद जब गृह मंत्री अमित शाह यह घोषणा करते हैं कि 2026 तक देश से नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा, तो इसमें प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ता दिख रही है। यह सही है कि पूर्वी भारत में नक्सल आंदोलन की शुरुआत मुख्य रूप से गरीबी के कारण हुई। तब की भारत सरकार ने राज्यों के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्हीं दिनों देश में जंगल माफिया, पत्थर माफिया, लकड़ी माफिया, खनिज माफिया पैदा होने लगे। धीरे धीरे समस्या गहराई तक पहुंचने लगी। कहने की आवश्यकता नहीं कि नक्सली नेताओं ने राजनीतिक नेताओं को भी अपने दवाब में ले लिया और अपने लिए एक बौद्धिक गैंग की आड़ भी तैयार कर ली। यह बौद्धिक गैंग उनके हर खून खराबे को जमीनी संघर्ष का स्वरूप प्रदान करने लगा, जहां हत्या और लूटमार को किसानों और गरीबों के प्रति शोषण के खिलाफ प्रतिक्रिया के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा। पीएम मोदी ने ऐसे कथित बुद्धिजीवियों को ही शहरी नक्सली का नाम दिया। बीजेपी नेतृत्व ने वाम विचारधारा को ध्वस्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का बखूबी इस्तेमाल किया। उनके गढ़ में जाकर उनकी विचारधारा को चुनौती दी। जनता को जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और अंत में उन्हें जनता के जरिए ही हाशिये पर बिठा दिया। 2014 के चुनाव में जब मोदी प्रधनमंत्री पद के उम्मीदवार बने तो उसी साल वामपंथी सांसदों की संख्या 24 से घटकर 10 हो गई और 2019 के आम चुनाव में लोकसभा में वामपंथियों संख्या 4 रह गई। सीपीआई, सीपीआई-मार्क्सवादी और सीपीआई-मार्क्सवादी-लेनिनवादी की राजनीति को देश ने खारिज करना शुरू कर दिया। 2004 के आम चुनाव में वामपंथियों ने लोकसभा की 61 सीटें जीती थी। अब केरल के अलावा वाम मोर्चा कहीं भी खड़ा होने की स्थिति में नहीं है। बीजेपी नेतृत्व ने वाम मोर्चे के अहंकार, आत्मसंतुष्टि, भ्रष्टाचार और उनकी राजनीतिक हिंसा को मुद्दा बनाया और उन्हें राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक बना दिया। राजनीतिक रूप से एक विजय हासिल करने के साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने वाम रक्त क्रांति को भी देश से समाप्त करने का बीड़ा उठाया। सबसे पहले वामपंथ के पारंपरिक समर्थकों को उनसे अलग करने की रणनीति बनाई। खासकर ग्रामीण इलाकों में सुधार के कई कार्यक्रम शुरू किये गए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई। फिर मोदी सरकार ने माओवादी उग्रवाद से निपटने के लिए व्यापक योजना बनाई। माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिए स्थानीय लोगों को सशक्त बनाया गया। मोदी सरकार ने स्पष्ट रूप से घोषणा की कि नक्सलवाद के प्रति ज़ीरो टोलरेंस रखेंगे। यह प्रण किया गया कि 31 मार्च, 2026 तक वामपंथी उग्रवाद को पूरी तरह से खत्म कर देंगे। फिर गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सुरक्षा अभियान, विकास और पुनर्वास एक एकीकृत योजना लागू की गई। ऑपरेशन कगार चला कर सैकड़ों नक्सलियों का खात्मा किया गया। परिणाम भी सामने आया। 2014 में जहां 126 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे वहीं 2025 में केवल 6 सबसे अधिक प्रभावित जिले ही बच गए हैं। इसी साल 200 से अधिक हथियारबंद नक्सलियों का सफाया किया जा चुका है। 600 नक्सलियों ने समर्पण भी किया है। आकड़े बताते हैं कि 30 मई 2025 तक 2824 नक्सलियों ने समर्पण किया है। ताजा हालत ये है कि मोदी सरकार ने नक्सलियों को तबाह कर दिया है। जो आदिवासी नक्सलियों के समर्थन में होने के लिए मजबूर किए गए थे वे ही अब नक्सल के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं। आदिवासी अधिकारों के लिए काम जिस गति से हो रहा है, उससे नक्सल समस्या तय समय में हल करने के प्रति विश्वास पैदा हुआ है केवल हथियारों से समाजवाद आ सकता है, यह धारणा बदलने में सफलता मिल रही है। मोदी की अपील की कि 'पृथ्वी को लाल नहीं हरा बनाओ'..परवान चढ़ रही है।

((लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं




संकलित

दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है, क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें, क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छु तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा, लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला-अरे भाई! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यों नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यों अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया-भाई! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है, लेकिन मैं एक मनुष्य हू, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा है और मैं मेरा।

अंतर्मन




आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनोफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मलेरिया दिवस की थीम 'मलेरिया का अंत हमारे साथ : पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना, पुनर्जागृति' रखी गई है, जिसका निहितार्थ यह है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी अब हम सबकी है।

*–प्रकाश पटेल, कवर्धा*

ट्रेंड

### एक कठिन विकल्प



मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच हमारे सामने एक कठिन विकल्प है। एक रास्ता व्यापक युद्ध, गहरी पीड़ा और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को गंभीर नुकसान की ओर ले जाता है। दूसरा रास्ता तनाव कम करने, कूटनीति और संवाद की ओर ले जाता है।

-एंटोनियो गुतारेस, यूएन महासचिव

### हमने हमला पूरा किया



हमने ईरान में तीन परमाणु स्थलों पर अपना सफल हमला पूरा कर लिया है। हमारे अमेरिकी योद्धाओं को बधाई। दुनिया में कोई और सेना नहीं है जो ऐसा कर सकती थी। अब शांति का समय है! इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

-डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

### सेवा ने प्रभावित किया



हमने एक टीम के रूप में काम किया, हर एक ने प्रतिबद्धता और एकाग्रचित्त होकर काम किया, यही इस सफलता का सबसे महत्वपूर्ण सबक है। आर्यदान शौकत को हार्दिक बधाई, जिनकी लगन और सेवा ने सबको प्रभावित किया।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद

### दुनिया इतनी भी बुरी नहीं



दुनिया इतनी भी बुरी नहीं है। कोई हंसता रहा, तब तक रोता रहा, जब तक रो नहीं गया। किसी ने अपने नवजात शिशु को गोद में लिया। किसी को दूसरा मौका मिला। उम्मीद अभी भी जिंदा है। अच्छाई अभी भी मौजूद है। दुनिया में अभी भी बहुत खूबसूरती है

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

करंट अफेयर

## परमाणु संयंत्रों को नष्ट करने अमेरिकी बमबारी काफी नहीं



चीन की आधिकारिक मीडिया ने ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिकी बमबारी की आलोचना करते हुए इसे रसातल की ओर उठाया गया एक और कदम बताया। वहीं, चीनी विशेषज्ञों ने कहा कि हमलों में इस्तेमाल किये गए अमेरिकी 'बंकर-बस्टर' बम ईरान के भूमिगत परमाणु संयंत्रों को नष्ट करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकते हैं। अमेरिका ने सुबह ईरान के फोर्दो, इस्फहान और नतांज परमाणु स्थलों पर हमला कर देश के परमाणु प्रतिष्ठानों को नष्ट कर दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने तीन परमाणु स्थलों पर 'बहुत सफल' हमला किया है। चीन ने युद्ध को रोकने के लिए शनिवार को ईरान और इजराइल के बीच युद्ध विराम की अपील की थी। हालांकि, उसने अबतक अमेरिकी हवाई हमलों पर आधिकारिक रूप से प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं, सरकारी अखबार 'चाइना डेली' के संपादकीय में कहा गया है कि ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर अमेरिका द्वारा किया गया एकतरफा सैन्य हमला एक लापरवाही भरा कदम है तथा यह अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। इसमें कहा गया है कि इस तरह की एकतरफा नीति नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कमजोर करती है तथा एक खतरनाक मिसाल कायम करती है।

ऑफ बीट

## सर्दी के विषाणुओं से दिल के दौरे, स्ट्रोक आने की आशंका



सर्दियों का मौसम आने के साथ ही ठंड के दिन और श्वसन से जुड़े विषाणुओं में अपरिहार्य मौसमी उछाल भी आता है। लेकिन हमें केवल छींकों की ही चिंता नहीं करनी चाहिए। सर्दियों के महीनों में दिल के दौरे और स्ट्रोक के मामले भी बढ़ जाते हैं। आम श्वसन विषाणु से संक्रमित होने से दिल का दौरा या 'स्ट्रोक' का अल्पकालिक जोखिम बढ़ जाता है। दूसरे शब्दों में, आम विषाणु, जैसे कि फ्लू और कोविड का कारण बनने वाले विषाणु ही ऐसी स्थिति को जन्म देते हैं। विषाणु दिल के दौरे की वजह बन सकते हैं? धूम्रपान, उच्च कोलेस्ट्रॉल, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और व्यायाम की कमी जैसे पारंपरिक जोखिम कारक दिल के दौरे और 'स्ट्रोक' के मुख्य कारण हैं। और सर्दियों में दिल के दौरे और 'स्ट्रोक' की दरें कई कारणों से बढ़ सकती हैं। कम तापमान, कम शारीरिक गतिविधि, घर के अंदर ज़्यादा समय बिताना – शायद घर के अंदर वायु प्रदूषकों के कारण – जैसे कारक रक्त के थक्का जमने की प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं तथा पारंपरिक जोखिम कारकों के प्रभावों को बढ़ा सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com





## खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम पहुंचे मुख्य अतिथि के रूप में, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के लिए 11 लाख रुपये की घोषणा

# हरियाणा के उदय सिंह व चंडीगढ़ की जीन्नत मलिक ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

### गौतम बोले, हरियाणा हमेशा से खेलों में अग्रणी रहा

### मुक्केबाजी जैसी कठिन प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर स्थित नेशनल बॉक्सिंग अकादमी में चल रही छठी अंडर-17 नेशनल जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पांचवें दिन सोमवार को मुकाबलों में रोमांच चरम पर रहा। देशभर से आए युवा मुक्केबाजों ने रिंग में जबरदस्त ताकत, तकनीक और संयम का परिचय दिया। पांचवे दिन हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उनके साथ अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज कविता चहल और अर्जुन पुरस्कार विजेता कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा भी मौजूद रहे। खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा बॉक्सिंग संघ को 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा हमेशा से खेलों में अग्रणी रहा है। मुक्केबाजी जैसी कठिन प्रतिस्पर्धा में हमारे खिलाड़ी न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमा रहे हैं। मैं आप सभी युवा खिलाड़ियों से कहना चाहता हूं कि हार-जीत से ज्यादा जरूरी है आत्मविश्वास और अनुशासन। रिंग में जब भी उतरें, पूरा जुनून और समर्पण लेकर उतरें, क्योंकि असली मुक्केबाज़ी वहीं से शुरू होती है। सरकार खिलाड़ियों के हर सपने के साथ खड़ी है। प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान लड़कियों की कैटेगरी में चंडीगढ़ की जीन्नत मलिक ने शानदार खेल दिखाते हुए हिलांग आना को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। जीन्नत ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया और दमदार पंचों के साथ मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा। लड़कों की कैटेगरी में हरियाणा के उदय सिंह ने विगनेश कोलार को मात दी। उदय ने रणनीतिक रूप से मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ा और निर्णायक बढ़त बनाकर मुकाबला जीता। इस मौके पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ रोहतक के महासचिव संदीप मोर भी मौजूद रहे।





### सभी राज्यों के खिलाड़ी रिंग में जोश से लबरेज

इस चैंपियनशिप में देश के 32 राज्यों और टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू जैसी यूनिट्स की टीमें हिस्सा ले रही हैं। खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी तकनीकी दक्षता, स्फूर्ति और रिंग में मानसिक मजबूती का प्रदर्शन किया है। अब चैंपियनशिप अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है। अगले कुछ दिनों में सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिन पर देशभर के खेलप्रेमियों की निगाहें टिकी हुई हैं।

### लड़कों के अलग-अलग भारवर्ग में विजेता खिलाड़ी

नरेंद्रा कुमार नीला, ध्रुव खर्ब, उदय सिंह, आर्यन मुखी, अंबेकर मितई लिर्नलाकपा, फलक, प्रियांशु वर्मा, गोपाल गणेशी, पियूष, रोहन जोशी, अमन देव, लांचेंबा सिंह, लवशन सिंह यंगकोम, आदित्य, मिलन, टिकम सिंह, मिरजा अली बाग, उधम सिंह राघव, आशीष, अर्श, इशाक लामकिमा, रितेश कुमार, शुभम यादव, लक्की भगदवाल, साहिल दूहन, शाश्वत महाले, पृथ्वी ठाकुर व आर्यन ने क्वार्टर फाइनल के लिए जगह बनाई।

### लड़कियों के अलग-अलग भारवर्ग में विजेता खिलाड़ी

मोनिका डोले, लक्ष्मी, जीन्नत मलिक, खुशीचंद, लक्ष्मी लमानी, के महालक्ष्मी, जीया, अफासा कालिया, भक्ति, रिया हेकम, अहाना शर्मा, ममता रोट, समीक्षा सिंह, सिमरन, अलिशा, नेतिक, नमिता सिंह, मारिया गोगोई, भार्गव भोंगू, चंदरिका पुजारी, यानी वाय सोनम, राधामणी, प्रतिमा, हर्षिता कुमारी, इशिका, हर्षिका, सिमरनजीत कौर, चाहत व अनाया ठाकुर ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक डे

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक डे के अवसर पर हरियाणा बॉक्सिंग संघ द्वारा हरियाणा ओलंपिक संघ और बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 6वीं जूनियर बालक एवं बालिका राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 के दौरान इस विशेष दिन को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिनके नेतृत्व और दूरदर्शिता ने हरियाणा बॉक्सिंग परिवार को हमेशा प्रेरित किया है। कार्यक्रम में रविंद्र पन्नू संयुक्त सचिव एवं महासचिव सतीश के. सरहड़ी, ओमबीर हुड्डा प्रशासनिक निदेशक एवं प्रतिनिधि ने विशेष रूप से शिरकत की।

## खबर संक्षेप

### धिनिधी ने 200 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**भुवनेश्वर।** धिनिधी देसिंघू ने सोमवार को यहां 78वीं सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप के दूसरे दिन 200 मीटर फ्रीस्टाइल में दो मिनट 2.97 सेकेंड के समय से नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया जबकि शोअन गांगुली ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले का प्रतियोगिता रिकॉर्ड अपने नाम किया। शोअन गांगुली ने दो मिनट 4.34 सेकेंड के समय से कलिंगा स्टेडियम के इंडोर एक्वाटिक सेंटर में नया प्रतियोगिता रिकॉर्ड बनाया। दिल्ली के कुशाग्र रावत ने 15 मिनट 32.95 सेकेंड के समय से 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता।

### राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में भाग लेंगे शीर्ष निशानेबाज

**देहरादून।** भारत के शीर्ष निशानेबाज मंगलवार से यहां त्रिशूल शूटिंग रेंज में शुरू हो रहे ग्रुप ए राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन और चार में हिस्सा लेंगे। ये ट्रायल अगस्त में कजाकिस्तान में होने वाली 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 और सितंबर में चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिए भारतीय टीम का चयन करने में मदद करेंगे। लगातार तीन विश्व कप में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने वाली सुरुचि सिंह, म्यूनिख स्वर्ण पदक विजेता आर्य बोरसे और अर्जुन बबूता, ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, सरबजोत सिंह और स्वप्निल कुसाले, मौजूदा विश्व कप पदक विजेता सौरभ चौधरी, रुद्राक्ष पाटिल, एलावेनिल वलारिवन, सिफत कौर सामरा, विजयवीर सिद्धू और चैन सिंह के साथ-साथ ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, संदीप सिंह, वरुण तोमर और किरण अंकुश यादव जैसे प्रमुख निशानेबाज ट्रायल का हिस्सा होंगे।

### चावला और गुप्ता एशियाई 6 रेड स्नूकर के नॉकआउट में


**कोलंबो।** गत आईबीएसएफ चैंपियन कमल चावला ने अपने सभी ग्रुप मुकाबले जीतकर सोमवार को यहां एशियाई 6 रेड स्नूकर चैंपियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
अपने तीसरे और अंतिम ग्रुप सी मैच में भारत के दिग्गज खिलाड़ी चावला ने हांगकांग के मिंग वा मैन को 4-0 से हराया। चावला ने रविवार देर रात श्रीलंका के त्यागराजा थंजीवन को भी इसी अंतर से हराया था।

### एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी: टंग और कार्स को 3-3 विकेट

# पंत और राहुल के शतक, भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 371 रन का लक्ष्य

एजेंसी ⏭ लीड्स

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत (118 रन) और सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (137 रन) की शतकीय पारियों से भारत ने सोमवार को यहां पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया जिसने स्टंप तक बिना विकेट पर 21 रन बना लिए। भारत तीसरे सत्र में दूसरी पारी में 364 रन पर सिमट गया और पंत इस टेस्ट मैच की दोनों पारियों में सैकड़ा जड़ने वाले खेल के इतिहास में दूसरे विकेटकीपर बने। उन्होंने शतकीय पारी के दौरान 140 गेंद का सामना करते हुए 15 चौके और तीन छक्के जमाए। पंत इंग्लैंड में एक टेस्ट मैच में दो शतक बनाने वाले पहले भारतीय भी बन गए। वहीं राहुल ने सुबह 47 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और 62वें ओवर में 202 गेंद में अपना नौवां टेस्ट शतक पूरा किया। राहुल ने करीब 18 महीने में पहला टेस्ट शतक जड़ा है।




### विकेटकीपर होकर पंत ने हासिल किया यह मुकाम

ऋषभ पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में भी शतक जमा दिया है। वे एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने गए हैं। दुनिया में उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर ने किया है। फ्लावर ने भारत के खिलाफ साल 2000 में नागपुर टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जमाया था।

### केएल राहुल ने 9वां टेस्ट शतक लगाया

बता दें कि केएल राहुल ने अपने करियर का 9वां शतक लगाया। उन्होंने शोएब बशीर के ओवर की आखिरी बॉल पर 2 रन लेकर अपनी सेंचुरी पूरी की। बशीर ने सामने की तरफ ओवरपिच बॉल फेंकी थी। केएल राहुल पिछली पारी में 42 रन पर आउट हुए थे।

### लंच के बाद जोश टंग ने पहला ओवर मेडेन फेंका

लंच के बाद बॉलिंग करने आए जोश टंग ने पहला ओवर मेडेन फेंका। इस ओवर की सभी 6 बॉल उन्होंने ऑफ स्टंप की तरफ फेंकी। ऋषभ पंत ओवर में कोई रन नहीं बना सके।

## बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में लिए 5 विकेट


### एसईएनए देशों में बनाए रिकॉर्ड्स

एजेंसी ⏭ लीड्स

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट में 5 विकेट चटकाए। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां 5 विकेट हॉल है। इसके साथ-साथ उन्होंने एसईएनए देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में अपने 150 विकेट पूरे किए। बुमराह के अब एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बन गए हैं। उनकी उम्दा गेंदबाजी के बावजूद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 465 रन बनाए।

जोरदार रही बुमराह की गेंदबाजी

बुमराह ने जैक क्रॉली (4) को आउट करते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। इसके बाद उन्होंने बेन डकेट (62) को अपना शिकार बनाया। भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज ने जो रूट (28), क्रिस वोक्स (38) और जोश टंग (11) को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 24.4 ओवर में 83 रन देते हुए ये 5 सफलताएं हासिल की। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट अपने नाम किए।



### विदेशों में सर्वाधिक 5 विकेट हॉल वाले भारतीय बने बुमराह

बुमराह का यह विदेशों में (घर से बाहर) कुल 12वां 5 विकेट हॉल रहा। इसके साथ ही वह विदेशों में सर्वाधिक 5 विकेट हॉल (संयुक्त रूप से) वाले भारतीय गेंदबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में कपिल देव की बराबरी की।

### एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई

बुमराह के अब एसईएनए देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 60 पारियों में यह कारनामा किया है। उन्होंने इस मामले में पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम को पीछे छोड़ा है, जिन्होंने 55 पारियों में 146 विकेट चटकाए थे। इस सूची में पूर्व भारतीय स्पीनर अनिल कुंबले (67 पारियों में 141 विकेट) तीसरे और इशांत शर्मा (71 पारियों में 130 विकेट) चौथे स्थान पर काबिज हैं।

## दूसरे टेस्ट से पहले श्रीलंका को लगा भारी झटका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बांग्लादेश क्रिकेट टीम इन दिनों श्रीलंका के दौरे पर है। इस दौरान दोनों टीमों के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। वहीं अब दूसरे टेस्ट से पहले श्रीलंका को तगड़ा झटका लगा है। अहम मैच से पहले श्रीलंका के स्टार तेज गेंदबाज की छुट्टी हो गई है। श्रीलंका के तेज गेंदबाज मिलन रथनायके को गॉल टेस्ट में बाएं हिस्से में खिंचाव के कारण गदूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। दूसरा टेस्ट 25 जून से शुरू होगा। श्रीलंका अनुभवी ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज के बिना भी खेलेगी। सीरीज के पहले मैच के बाद उन्होंने टेस्ट करियर को अलविदा कह दिया था। उनकी जगह श्रीलंका टीम ने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो और शानदार गेंदबाज डुनिथ वेलालेज को टीम में शामिल किया है।



## मैनचेस्टर सिटी ने क्लब विश्व कप में अल ऐन को 6-0 से हराया

एजेंसी ⏭ अटलांटा

इल्के गुंडोगन के दो गोल और एरलिंग हालैंड के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रविवार रात खेले गए मैच में अल ऐन को 6-0 से करारी शिकस्त देकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। इस सत्र में अपना अभियान पटरी पर लाने की कवायद में लगे मैनचेस्टर सिटी की तरफ से क्लाउडियो एचेवेरी, ऑस्कर बॉब और रेयान चेर्की ने भी गोल किए। मैनचेस्टर सिटी इस सत्र में इंग्लिश प्रीमियर लीग में तीसरे स्थान पर रहा था जबकि यूईएफए चैंपियंस लीग के नॉकआउट प्लेऑफ में रियाल मैड्रिड से हार गया था। उसने क्लब विश्व कप के शुरुआती ग्रुप मैच में मोरक्को के विदाद पर 2-0 की जीत दर्ज करके अपने अभियान का शानदार आगाज किया था।



## सेशेल्स मुक्केबाजी टूर्नामेंट में भारत पदक तालिका में शीर्ष पर

**माहे (सेशेल्स)।** भारतीय मुक्केबाजों ने यहां सेशेल्स नेशनल डे मुक्केबाजी टूर्नामेंट में तीन स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने तीन रजत और एक कांस्य पदक भी जीता और पैराडाइज एरेना में मॉरीशस से एक पदक अधिक हासिल किया। हिमांशु शर्मा (50 किग्रा) ने वॉकओवर के जरिए स्वर्ण पदक हासिल किया जबकि आशीष मुदशानिया (55 किग्रा) ने फाइनल में 4-1 के खंडित फैसले से जीत दर्ज की। गौरव चौहान ने 90 किग्रा से अधिक वर्ग के तनावपूर्ण फाइनल में अपना धैर्य बनाए रखा। उन्होंने 3-2 से जीत हासिल की और देश के लिए तीसरा स्वर्ण पदक जीता।



**रजत और कांस्य पदक विजेता :** अनमोल (60 किग्रा), आदित्य यादव (65 किग्रा) और नीरज (75 किग्रा) तीनों को संघर्षपूर्ण फाइनल में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद समान 2-3 के खंडित फैसले से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के लिए कार्तिक दलाल ने 70 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता।

## खबर संक्षेप

### रैपर पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप



**नई दिल्ली।** इंडियन रैपर रफ्तार ने कनाडाई रैपर टॉमी जेनेसिस पर उनके नए म्यूजिक वीडियो 'ट्रू ब्लू' में धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। इस म्यूजिक वीडियो के कुछ सीन सामने आए हैं, जिनमें रैपर टॉमी के लुक को देखकर लोग भड़क गए हैं और उन पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा रहे हैं। वीडियो में रैपर काफी सेंसेशनल और अश्लील डांस मूव्स किए हैं। इसी पर रफ्तार ने नाराजगी जताई है।

### बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त गिरफ्तार



**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त केएम नूरुल हुदा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन पर अपने कार्यकाल के दौरान चुनावों में हेराफेरी करने का आरोप लगा है। इस बात की जानकारी पुलिस ने दी। ढाका महानगर पुलिस के डिप्टी कमिश्नर मोहिदुल इस्लाम ने रविवार को बताया कि हुदा को हुदा को पूर्व पीएम खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की ओर से पूर्व चुनाव आयोग प्रमुख और अपदस्थ पीएम शेख हसीना समेत 18 अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में गिरफ्तार किया गया है।

## ईरान के हमले में इजराइल को भी जबरदस्त नुकसान

# तेल अवीव से लेकर हाइफा तक... अंधेरे में डूबे इजराइल के कई शहर

### भीषण बिजली कटौती का संकट गहराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल एक दूसरे के खिलाफ लगातार मिसाइल और ड्रोन हमले को अंजाम दे रहे हैं। एक तरफ जहां इजराइल के बाद अमेरिका ने भी ईरान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं, दूसरी तरफ ईरान की ओर से लगातार इजराइल पर मिसाइलें दागी जा रही हैं। ईरान के हमले के इजराइल को भी जबरदस्त नुकसान पहुंचा है। ईरान ने इजराइल के कई रिहायशी इलाकों पर हमले किए हैं। ईरान ने अब तक इजराइल पर 400 मिसाइलें दागीं हैं, जिसकी वजह से इजराइल में 24 लोगों की मौत हो चुकी है वहीं, 804 लोग घायल हुए हैं। दूसरी तरफ ईरान में 224-585 लोग मारे गए हैं।

इजराइल इलेक्ट्रिक कॉरपोरेशन (आईईसी) ने सोमवार को कहा कि ईरान ने इजराइल के कई महत्वपूर्ण ठिकानों पर बमबारी की है, जिसकी वजह से इजराइल को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। आईईसी टीमें बुनियादी ढांचे की मरम्मत कर रही हैं और सुरक्षा खतरों को दूर कर रही हैं। बता दें, तेल अवीव और हाइफा जैसे शहरों पर ईरान की ओर से लगातार बमबारी की जा रही है। रविवार को इजराइली एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इजराइल के एअरस्पेस को पूरी तरह बंद कर दिया है।

**ईरान ने अब तक इजराइल पर 400 मिसाइलें दागीं**

**इजराइल के 15 लड़ाकू विमानों का पश्चिमी ईरान पर हमला**



तेल अवीव शहर के केंद्रीय बस स्टेशन के नीचे बम शेल्टरों में रह रहे इजराइली नागरिक

### दोनों देशों के बीच संघर्ष तेज

इजराइल की सेना ने कहा कि सोमवार सुबह ईरान से इजराइल की ओर मिसाइलों की बौछार की गई। सेना ने कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। सेना ने कहा है कि ईरान में सोमवार सुबह एक अभियान के दौरान उसके एक ड्रोन को मार गिराया गया। 15 लड़ाकू विमानों ने इराक की सीमा से सटे पश्चिमी ईरान में मिसाइल लांचर और भंडारण स्थलों पर हमला किया। इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार देर रात कहा कि इजराइल, ईरान के परमाणु और मिसाइल खतरों को दूर करने के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के बेहद करीब है।

### ईरानी तानाशाह को करेंगे दंडित

इजराइल अब तेहरान में एविन कारागार सहित ईरानी सरकार के प्रतिष्ठानों पर हमला कर रहा है। इजराइल के रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी। इजराइल ने ईरान के पैरामिलिट्री रिवोल्यूशनरी गार्ड के सुरक्षा मुख्यालय, शहर के फिलिस्तीन स्क्वायर तथा पैरामिलिट्री बासिज वॉलंटियर कोर बिल्डिंग को भी निशाना बनाया। यह रिवोल्यूशनरी गार्ड का एक हिस्सा है। मंत्रालय ने कहा कि ईरानी तानाशाह को इजराइल पर हमला करने के लिए पूरी ताकत से दंडित किया जाएगा।

### अमेरिका हमला ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन

सशस्त्र बलों के कर्मचारियों के संयुक्त प्रमुख, ईरानी जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने सोमवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी सशस्त्र बलों को 'अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने' की 'खुली छूट' दे दी है। मौसवी ने कहा कि ईरान ऐसा करने में संकोच नहीं करेगा। उन्होंने अमेरिकी हमले को ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन, देश में इजराइली युद्ध में प्रवेश करने और देश पर आक्रमण करने के समान बताया।

**ट्रंप के खिलाफ गुस्सा**

### अमेरिकी हमलों के खिलाफ पूरी दुनिया में हो रहे प्रदर्शन




अमेरिका के ईरान पर हमलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ये विरोध प्रदर्शन अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हो रहे हैं। जर्मनी, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और भारत में विरोध प्रदर्शन हुए, जहां प्रदर्शनकारियों ने हमले की निंदा की। लोग सड़कों पर ईरान के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। उनमें से कई लोगों ने अमेरिका पर दादागिरी करने का आरोप भी लगाया है। प्रदर्शनकारियों ने युद्ध-विरोधी नारे लगाए और ट्रंप प्रशासन से इजरायल का समर्थन बंद करने और बढ़ते संघर्ष से पीछे हटने का आग्रह भी किया। अमेरिका में, रविवार को कई शहरों में बड़े पैमाने पर युद्ध-विरोधी प्रदर्शन हुए, जिनमें 'ईरान से हाथ हटाओ' और 'ईरान पर कोई अमेरिकी-इजराइल युद्ध नहीं' लिखे बैनर थे। व्हाइट हाउस के बाहर, प्रदर्शनकारियों ने ईरानी झंडे लहराए और समाजवादी थीम वाले संकेत लिए हुए थे। यह कार्यक्रम जॉर्ज सोरोस और मुस्लिम ब्रदरहुड से जुड़े समूहों द्वारा आयोजित किया गया था। न्यूयॉर्क शहर और वाशिंगटन, डीसी में बड़ी भीड़ इकट्ठा हुई और युद्ध विरोधी और ट्रंप विरोधी प्रदर्शन किए।

## ईरान से सुरक्षित लौटे भारतीय बोले

# पीएम मोदी महान, भारतीय नेतृत्व और ऑपरेशन सिंधु की सराहना की



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार की ओर से 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत ईरान से अपने नागरिकों को वापस लाने का काम जारी है। इस बीच, सोमवार को ईरान से सकुशल देश वापस लौटे लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। विस्थापितों में से एक ने बताया कि मुझे ईरान से वापस लाया गया। हम गंभीर संकट में थे। मैं हमारी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। पिछले 22 दिनों से ईरान में रह रहे एक व्यक्ति ने कहा कि भारतीय दूतावास लगातार हमारे संपर्क में रहा। उन्होंने हमारी सुरक्षा सुनिश्चित की, हमें भोजन और दवा उपलब्ध कराई। हम वास्तव में आभारी हैं। जय मोदी! एक महिला ने कहा कि वहां स्थिति बहुत खराब थी, लेकिन भारतीय दूतावास ने हमारा पूरा समर्थन किया। हमें कोई कठिनाई नहीं हुई।

हमें किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा और हमारी वापसी की व्यवस्था उत्कृष्ट थी।

### हमारे भारत से बेहतर कुछ नहीं

एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि हमारे भारत से बेहतर कुछ नहीं है। हमारे पीएम मोदी वाकई महान हैं। एक अन्य व्यक्ति ने कहा कि ईरान में स्थिति भयावह थी और लगातार बमबारी हो रही थी। इसके बावजूद, भारत सरकार ने उचित व्यवस्था की। पीएम मोदी ने हम सभी का ख्याल रखा। एक अन्य व्यक्ति ने निर्बाध समन्वय की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार ने ईरान से हमें लेने से लेकर घर वापस लाने तक शानदार काम किया। भारतीय दूतावास लगातार संपर्क में था। मैं बेहद आभारी हूं।

### भारत ने ईरान से 290 भारतीयों को और निकाला

ईरान और इजराइल में शत्रुता बढ़ने के बीच भारत ने सोमवार को ईरान से 290 भारतीय नागरिकों और एक श्रीलंकाई नागरिक को निकाला। इसके साथ भारत अब तक ईरान से 2003 भारतीयों को वापस ला चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 290 भारतीय नागरिकों और एक श्रीलंकाई को मशहद से निकाला गया और वे सभी सोमवार को शाम सात बजकर 15 मिनट पर एक विशेष विमान से नयी दिल्ली पहुंचे। भारत के निकासी अभियान 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत इजराइल से जॉर्डन की राजधानी ले जाए गए कुल 161 भारतीय भी अम्मान से एक विशेष उड़ान से नयी दिल्ली पहुंच रहे हैं।

**सिंधु जल विवाद में कूदा ओआईसी**

## तुर्की में 57 इस्लामिक देशों के संगठन ने पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाया

**इस्तांबुल (एजेंसी)।** इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की परिषद (सीएफएम) ने भारत-पाक के सिंधु जल समझौतों को जारी रखने पर जोर दिया है। 57 इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी की तुर्की के इंस्ताबुल में रविवार को हुई बैठक में सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) सहित पाकिस्तान-भारत के बीच द्विपक्षीय समझौतों का सख्ती से पालन करने का आह्वान दोनों पक्षों से किया गया है। ओआईसी का ये आग्रह इस मुद्दे पर पूरी तरह पाकिस्तान के रुख का समर्थन करता है। सीएफएम की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमारी गहरी चिंता दक्षिण एशिया में हालिया दिनों में हुई सैन्य वृद्धि पर है। इस चिंता में पाकिस्तान में कई स्थानों पर किए गए भारत के हमले शामिल हैं। हम दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और ऐसे कार्यों से बचने की आवश्यकता पर जोर देते हैं, जो क्षेत्र को अस्थिर कर सकते हैं। बयान में सिंधु समझौते का जिक्र करते हुए कहा गया है कि इसे तोड़ा नहीं जाना चाहिए और दोनों पक्षों को इसका पालन करना चाहिए।

### चीनी विदेश मंत्री के साथ बैठक में एनएसए डोभाल ने आतंकवाद का मुकाबला करने का आह्वान किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन का परोक्ष उल्लेख करते हुए, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने सोमवार को बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ बैठक के दौरान क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सभी प्रकार के आतंकवाद का मुकाबला करने की आवश्यकता पर बल दिया। डोभाल ने आतंकवाद का मुकाबला करने पर ऐसे वक्त जोर दिया है जब लगभग डेढ़ महीने पहले भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में कई आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया था। डोभाल शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा पर हैं।

### दुनिया को आतंकवाद-उग्रवाद के खिलाफ 'शून्य सहिष्णुता' दिखानी चाहिए : जयशंकर



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** आज के दिन चालीस साल पहले 23 जून 1985 को आयरलैंड के तट पर एयर इंडिया की विमान संख्या 182 (कनिष्क) पर बम विस्फोट के जरिए एक कायराना आतंकी हमला हुआ था। जिसमें कनाडा के 268, भारत के 24 और ब्रिटेन के 27 नागरिकों समेत कुल 329 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। हमले के पीछे भारत के प्रतिबंधित बब्बर खालसा आतंकवादी संगठन का नाम सामने आया था। जिसने ऑपरेशन ब्लू स्टार का बदला लेने के लिए एयर इंडिया के इस विमान पर यह हमला करवाया था। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने सोमवार को अपनी एक एक्स पोस्ट के जरिए इस आतंकी हमले से जुड़ी अत्यंत दुखद स्मृति को साझा करते हुए पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही कहा कि आज एयर इंडिया 182 कनिष्क बम विस्फोट की 40वीं बरसी है। ऐसे में हम आतंकवाद के सबसे बुरे कृत्यों में से एक में खोए 329 लोगों की स्मृति का सम्मान करते हैं। जो कि स्पष्ट रूप से इस बात की भी याद दिलाता है कि क्यों पूरी दुनिया को आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता यानी जीरो टॉलरेंस दिखानी चाहिए।




**इंडिगो के 3 अफसरों पर एससी एसटी एक्ट का केस दर्ज**

## जातिसूचक शब्द कहे, कहा-तुम जूते सिलो, नहीं हो प्लेन उड़ाने के लायक

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा के गुरुग्राम में इंडिगो एअरलाइंस के एक ट्रेनी पायलट ने फ्लाइट के कैप्टन समेत 3 लोगों पर एससी,एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कराई है। ट्रेनी पायलट ने आरोप लगाया कि उसे भरी मीटिंग में बेइज्जत कर जातिसूचक शब्द कहे गए। जातिसूचक शब्द के साथ कहा गया- यू आर नॉट फिट टू फ्लाई, यू गो बैक एंड स्टिच द स्लीपर्स (तुम प्लेन उड़ाने के काबिल नहीं हो, वापस जाओ और चप्पलें सिलो)। गुरुग्राम में मीटिंग के बाद ट्रेनी पायलट ने बेंगलुरु में अपने साथ हुई घटना की पुलिस से शिकायत की। कर्नाटक पुलिस ने जीरो एफआईआर दर्ज कर गुरुग्राम भेजी है। इसके बाद गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-1 थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि, एअरलाइंस ने इन आरोपों को झूठा बताया है। साथ ही कानूनी कार्रवाई में सहयोग करने की भी बात कही है। बेंगलुरु सिटी (कर्नाटक) के शोभा सिटी सेंटोरिनी में रहने वाले 35 वर्षीय शरण ए ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इंडिगो एयरलाइंस में ट्रेनी पायलट हैं। वह आदि द्रविड़ समाज से आते हैं, जो अनुसूचित जाति कैटेगरी में है। उनका आरोप है कि उन पर कई बार ड्यूटी के दौरान कार्यस्थल पर जातीय टिप्पणी की गई। बताया कि 28 अप्रैल 2025 को गुरुग्राम के सेक्टर-24 स्थित एमार कैपिटल टावर-2 में एक मीटिंग में उन्हें बुलाया गया। मीटिंग में उनके साथ जाति को लेकर अपमानजनक व्यवहार किया गया। बैठक में शामिल तपस डे, मनीष साहनी और कैप्टन राहुल पाटिल ने उन पर जातिगत टिप्पणियां कीं। इससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंची।






हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25